दैनिक www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली गुरुवार 11 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 168 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3






## अब खबरें सिर्फ अखबार में नहीं... आपकी उंगलियों पर !

# करंट क्राइम DIGITAL

## अब DIGITAL PLATFORM पर भी उपलब्ध

**3.5 CR VIEWS**
in just 7 months



दैनिक करंट क्राइम www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित सिर्फ सच...

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास

अमेरिकी सेना ने ईरान पर बोला धावा इजराइल और अमेरिका का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

आज से सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक बदलने वाले है नियम, सिम बाइंडिंग नियम होगा लागू!

इजरायल ने ईरान पर किया भीषण हमला

नंदग्राम में लट्ठमार होली, हुरियारों पर बरसी प्रेम की लाठियां

किसने कहा मिलने का नहीं है टाइम और किसने कहा कल करते हैं मुलाकात

हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में डोली शर्मा का ऐलान हम करेंगे आंदोलन हम जनता के साथ




SUBSCRIBE currentcrime

## हर अपडेट, हर सच... अब कहीं भी, कभी भी

Just scan the QR code to access our page and install the app.

Follow us on

currentcrime24 currentcrime currentcrime

www.currentcrime.com epaper.currentcrime.com

Download on the App Store GET IT ON Google Play

11 June -26 page 1 10-06-26 10:35 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली गुरुवार 11 जून -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 168 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





## एनडीए की बैठक में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# 'पीएम के नेतृत्व में सुरक्षा हुई और मजबूत'

**बैठक**

**भारत शांति चाहता है लेकिन सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करेगा : रक्षा मंत्री**



**नई दिल्ली।** एनडीए की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक मजबूत और प्रभावी हुई है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में देश ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आधुनिक सैन्य क्षमता की दिशा में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।

**विदेश नीति में आत्मविश्वास :** राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश और सुरक्षा नीति आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत अब न तो किसी के दबाव में आता है और न ही किसी पर दबाव डालने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि भारत समानता और सम्मान के आधार पर अपने राष्ट्रीय हितों को मजबूती से रखता है।

**शांति और सुरक्षा का संतुलन :** रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा शांति का समर्थक रहा है। देश किसी से विवाद नहीं चाहता लेकिन अगर कोई संप्रभुता या सुरक्षा को चुनौती देता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत शांति चाहता है लेकिन सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करेगा।

**आधुनिक रक्षा प्रणालियों पर काम :** राजनाथ सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संकल्प का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक रक्षा प्रणालियों के विकास और तैनाती पर तेजी से काम कर रही है। सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि हर चुनौती का सामना किया जा सके।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। सेना, नौसेना और वायुसेना को लगातार सशक्त बनाया जा रहा है और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**आत्मविश्वासी भारत की तस्वीर :** अपने संबोधन के अंत में राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है बल्कि सुरक्षा के मोर्चे पर भी एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र बन चुका है।

# नेहरू युवा केंद्र में बनेगा मुख्यमंत्री योगी का हेलीपैड

**नई परियोजना**

**वीवीआईपी मूवमेंट, चुनावी सभाओं और आपातकालीन स्थितियों में होगा उपयोग, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी विधानसभा चुनावों और लगातार बढ़ रहे वीवीआईपी कार्यक्रमों को देखते हुए गाजियाबाद में एक महत्वपूर्ण परियोजना पर काम शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नेहरू युवा केंद्र परिसर में मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी हस्तियों के लिए आधुनिक हेलीपैड का निर्माण कराया जाएगा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के स्तर पर इसकी रूपरेखा लगभग तैयार कर ली गई है तथा स्थल चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश सरकार द्वारा प्रमुख जिलों में वीवीआईपी आवागमन को सुगम बनाने और चुनावी कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाजियाबाद को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे होने और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण गाजियाबाद को यह सुविधा मिलने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि नेहरू युवा केंद्र परिसर में प्रस्तावित हेलीपैड को इस तरह विकसित किया जाएगा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के हेलीकॉप्टर आसानी से उतर सकें। चुनावी मौसम में बड़ी जनसभाओं और रैलियों के दौरान यह सुविधा विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। बताया जा रहा है कि परियोजना के तहत एक हेलीपैड मुख्यमंत्री और अन्य अति विशिष्ट अतिथियों के लिए प्राथमिक रूप से आरक्षित रखा जा सकता है, जबकि दूसरा हेलीपैड आपातकालीन परिस्थितियों, मेडिकल इवैक्यूएशन, आपदा प्रबंधन अथवा अतिरिक्त वीवीआईपी उड़ानों के लिए तैयार किया जाएगा। इससे जिले में अचानक होने वाले उच्चस्तरीय कार्यक्रमों के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि हेलीपैड निर्माण के साथ सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और वीवीआईपी रूट व्यवस्था को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा। इसके लिए पुलिस, प्रशासन और संबंधित तकनीकी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद गाजियाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन चुनिंदा जिलों में शामिल हो जाएगा जहां वीवीआईपी हेलीकॉप्टर संचालन के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



प्रतीकात्मक चित्र

चुनावी अभियान के दौरान मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विभिन्न दलों के स्टार प्रचारकों के दौरे बढ़ने की संभावना है। ऐसे में स्थायी हेलीपैड की सुविधा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि परियोजना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और जल्द ही इस संबंध में औपचारिक निर्णय सामने आ सकता है। गाजियाबाद में बनने वाला यह हेलीपैड जिले की वीवीआईपी और प्रशासनिक संरचना को नई मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 12 जून की बोर्ड बैठक में बड़े फैसलों की तैयारी

## कर्मचारियों को मिल सकता है आवास का तोहफा

## 40 से अधिक पुराने प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**बोर्ड बैठक**

**- नामकरण, स्ट्रीट लाइट, सड़क सुधार और हाउस टैक्स से जुड़े मुद्दे भी रहेंगे एजेंडे में**

**- बोर्ड बैठक में कई बड़े फैसले संभव, लग सकती है मुहर**



फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद की 12 जून को होने वाली बोर्ड बैठक को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। लंबे समय से लंबित पड़े 40 से अधिक प्रस्तावों को संशोधन के साथ सदन में दोबारा पेश किए जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि यह सभी मार्च से पेंडिंग चल रहे थे। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों और मार्गों के नामकरण से जुड़े प्रस्तावों पर भी बोर्ड की सहमति ली जा सकती है। बैठक का सबसे बड़ा आकर्षण नगर निगम कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए प्रस्तावित आवासीय योजना मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार नगर निगम शहर के किसी प्रमुख क्षेत्र या जोन में कर्मचारियों के लिए आवासीय परियोजना विकसित करने की तैयारी कर रहा है। इस योजना के तहत 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैटों के निर्माण का प्रस्ताव रखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस महत्वाकांक्षी योजना पर बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद पार्षदों और अधिकारियों से सुझाव एवं समर्थन भी मांगा जाएगा।

### विकास कार्यों पर लगेगी मोहर

करंट क्राइम : इसके साथ ही शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्ताव भी सदन में रखे जाएंगे। इनमें हाउस टैक्स व्यवस्था में सुधार, प्रमुख नालों की सफाई, रावण यात्रा और बरसात के मद्देनजर सड़कों की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट समाप्त करने, नई स्ट्रीट लाइटें लगाने तथा अन्य जनसुविधा संबंधी योजनाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि नगर निगम के पार्षद और नामित पार्षद लंबे समय से बोर्ड बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे। ऐसे में 12 जून की बैठक को नगर निगम के मौजूदा कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सदन में कौन-कौन से प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी मिलती है और शहर के विकास के लिए कौन से नए फैसले सामने आते हैं।

# चिराग त्यागी प्रकरण में सक्रिय हुई समाजवादी पार्टी

## अखिलेश यादव के निर्देश पर पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

समाजवादी पार्टी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पैरा एथलीट चिराग त्यागी के निधन के बाद न्याय की मांग को लेकर क्षेत्र में जारी चचाओं और जनभावनाओं के बीच समाजवादी पार्टी ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी गाजियाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल सैंथली गांव पहुंचा और स्वर्गीय चिराग त्यागी के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और हर लोकतांत्रिक संघर्ष में सहभागी बनेगी।

सपा नेताओं ने कहा कि चिराग त्यागी केवल सैंथली गांव के ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र, प्रदेश और देश के लिए गौरव थे। एक पैरा एथलीट के रूप में उनकी उपलब्धियों ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके असमय निधन से खेल जगत के साथ-साथ पूरे समाज को गहरा आघात पहुंचा है।

हाल के दिनों में चिराग त्यागी प्रकरण को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में लगातार न्याय की मांग उठ रही है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी का यह दौरा राजनीतिक और सामाजिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

फैसल हुसैन ने कहा कि किसी भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी का इस तरह असमय दुनिया से चले जाना पूरे समाज की क्षति है। वहीं वीरेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार की भावनाओं के साथ खड़ी है और न्याय सुनिश्चित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव नितिन त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण त्यागी, जिला उपाध्यक्ष परवेज चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष छात्र सभा मनीषा त्यागी, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष संदीप प्रधान सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा नेताओं ने कहा कि चिराग त्यागी की स्मृतियां और उपलब्धियां हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेंगी तथा न्याय की मांग को लेकर पार्टी पीड़ित परिवार और सर्वसमाज के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

## सिटी जोन के तीन चौकी प्रभारी लाइन हाजिर




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में प्रशासनिक फेरबदल के तहत सिटी जोन के तीन चौकी प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा जारी आदेश के अनुसार चौकी सेक्टर-9, थाना कविनगर के उपनिरीक्षक सतीश, थाना मधुबन बापूधाम से जुड़े उपनिरीक्षक गिरजा सिंह तथा चौकी चरौरी, थाना वेव सिटी के उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह रांगर को उनके वर्तमान पदों से हटाकर पुलिस लाइन संबद्ध किया गया है।

आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर स्थानांतरण का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग में लगातार हो रहे फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की कवायद माना जा रहा है। फिलहाल स्थानांतरण के कारणों का उल्लेख आदेश में नहीं किया गया है।

# गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर रखे पूर्व जनप्रतिनिधि ने विचार

## पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा, अतुल गर्ग उच्च स्तरीय कामों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तो मेयर सुनीता दयाल हैं संघर्षशील व्यक्तित्व

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर जनप्रतिनिधि का एक रिपोर्ट कार्ड होता है। एक रिपोर्ट कार्ड उनके विकास कामों का होता है जो सरकारी खातों में दर्ज होता है। जिसमें ये दर्ज होता है कि किस जनप्रतिनिधि ने अपनी निधि से विकास के कौन कौन से काम कराये हैं। एक रिपोर्ट कार्ड जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली और उनके व्यवहार का होता है। ये वो रिपोर्ट कार्ड हैं जो अकसर दिल में रहता है और दल वाले इस बताना नहीं चाहते। जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली क्या है वो क्या कर रहे है। इसे लेकर करंट क्राइम ने एक ऐसे जनप्रतिनिधि से बात की जो मंच से लेकर सोशल मीडिया तक सही को सही और गलत को गलत कहने के लिए जाने जाते हैं। अपनी बात रखते हैं और किसी की नारजगी की परवाह नहीं करते औरकिसी को खुश करने के लिए भी वो पोस्ट नहीं करते। ये पूर्व जनप्रतिनिधि पूर्व मेयर अशु वर्मा हैं, कई मौके हैं जब उन्होंने बेबाक तरीके से अपनी बात रखी। चुनाव का समय आ रहा है तो पार्टी सर्वे भी करायेगी, पार्टी मौजूदा जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर पूर्व जनप्रतिनिधियों की भी राय लेगी, कोर कमेटी में भी नाम जायेंगे। एक ऐसे पूर्व जनप्रतिनिधि जो स्पष्ट कहने में विश्वास रखते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व मेयर से जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर बात की। अशु वर्मा ने भी लोकसभा सांसद से लेकर विधानसभा के विधायक तक खुलकर अपने विचार रखे।

**दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व मेयर से जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर बात की। अशु वर्मा ने भी लोकसभा सांसद से लेकर विधानसभा के विधायक तक खुलकर अपने विचार रखे।**



### अतुल गर्ग हैं उच्च स्तरीय कामों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति



करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को लेकर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि वो वास्तव में बड़े व्यक्तिव के नेता है। वो उच्च स्तरीय कामों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्तिव हैं। कई बड़े कामों को उन्होंने सहजता के साथ कराया है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर हवाई अडडे तक उनका विजन दिखाई देता है। रेलवे स्टेशन की सुविधाओं से लेकर फ्लाईओवर तक उनका विकास दिखाई देता है। बड़ी बात ये है कि एक ऐसे राजनीतिक व्यक्तिव हैं और जनप्रतिनिधि हैं जो बिना किसी लाग लपेट के स्पष्ट बात कहते हें और वो काम में यकीन रखते हैं। बेहर शानदार नेता है।

### सुनीता दयाल तपती धूप में खड़े रहकर जमीन खाली कराने वाली संघर्षशील नेता



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल को लेकर पूर्व मेयर ने कहा कि वो एक संघर्षशील जुझारू नेता हैं। अगर निगम की जमीन खाली कराने का मामला हो तो उनका जज्बा दिखाई देता है। ये जज्बा है जो अवैध कब्जा नहीं होने देता। बेहद संघर्षशील नेता हैं। अगर जमीन खाली कराने की बात हैं तो वो फिर ना तप्ती गर्मी देखती हैं, ना बरसात देखती हैं और जमीन खाली कराती हैं।

### सुनील शर्मा सुबह गुडमॉर्निंग के साथ करा देते हैं जनता के काम



करंट क्राइम। साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के लिए पूर्व मेयर अशु वर्मा ने विचार रखते हुए कहा कि एक ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जो जनता से मिलते हैं। गुडमॉर्निंग के साथ पार्कों में जनता से मुलाकात और जनता की समस्याओं का समाधान कराते हैं।

### अजितपाल त्यागी का जलवा गांव से लेकर शहर तक



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी की कार्यशैली को पूर्व मेयर अशु वर्मा ने बेहद प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि संबंधों का एक नेटवर्क है। सबसे बड़ी बात ये है कि एक बेहर शानदार व्यक्तिव के मालिक हैं। गांव हो या शहर हो सभी जगह वो लागों से टच में रहते हैं। जनता के काम कराते हैं, कार्यकर्ताओं की बात सुनते हैं। राजनीति का स्टाईल ऐसा है कि गांव भी खुश और शहर भी अपने विधायक से खुश है।

### संजीव शर्मा देते हैं जनता औरकार्यकर्ताओं को प्यार और पाते हैं सम्मान



करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा को लेकर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि वास्तव में जनप्रतिनिधि की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए। संजीव शर्मा ने अपनी पहचान एक ऐसे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित की है जिन्हें जनता का विधायक कहा जाता है। वो कार्यकर्ताओं के विधायक हैं। एक ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जहां सुबह सवेरे ही उनके घर पर कार्यकर्ताओं से लेकर जनता मौजूद रहती है। बड़ी बात ये है कि सुबह से रात तक ये सिलसिला चलता है और कभी भी शहर विधायक के चेहरे पर शिकन तक नहीं आती है। सीधे शब्दों में कहें तो एक ऐसे विधायक हैं जो जनता को प्यार देते हैं, कार्यकर्ताओं का सम्मानदेते हैं और बदले में कार्यकर्ताओं से दस गुना सम्मान पाते हैं। एक ऐसे विधायक हैं जो हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए जनता के लिए सहज और सरल तरीके से हमेशा उपलब्ध हैं।

# 20 करोड़ 61 लाख रुपये के नशीले पदार्थों को गाजियाबाद पुलिस ने किया आग के हवाले

**ऑपरेशन दहन के तहत लिया गया बड़ा एक्शन**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 करोड़ 61 लाख 10 हजार 600 रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट कर दिया। कुल 63 मुकदमों से संबंधित 16,378.079 किलोग्राम मादक पदार्थों का विधिवत विनिष्टीकरण किया गया। एसीपी क्राइम एवं साहिबाबाद अमित सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत गांजा, चरस, डोडा, स्मैक, अफीम, नशीला पाउडर, नशीली गोलियां और कोडीन युक्त कफ सिरप समेत भारी मात्रा में जब्त मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। इनमें सबसे बड़ी मात्रा नंदग्राम थाने के मालखाने में रखे 15,735 लीटर कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की रही, जिसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया।

### एडिशनल सीपी केशव चौधरी की देखरेख में चला ऑपरेशन



करंट क्राइम : उन्होंने बताया कि यह पूरी कार्रवाई अपर एडिशनल सीपी (अपराध एवं मुख्यालय) केशव कुमार चौधरी की देखरेख में उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई। न्यायालय की अनुमति, विभागीय स्वीकृति और संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद हापुड़ स्थित अधिकृत वेस्ट ट्रीटमेंट एवं डिस्पोजल केंद्र में दो दिनों तक चले अभियान के दौरान सभी मादक पदार्थों का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से विनिष्टीकरण किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से न केवल थानों के मालखानों में वर्षों से जमा नशीले पदार्थों का निस्तारण हुआ है, बल्कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का भी स्पष्ट संदेश गया है। साथ ही मालखानों में स्थान खाली होने से रिकॉर्ड और सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा।



# आंधी ने मचाई भारी तबाही, उड़ गए भंडारों के टेंट

## पेड़-खंभे टूटकर गिरे, घंटों गुल रही बिजली

**तबाही**

**तेज आंधी से उड़े बिजली के फ्यूज, घंटों बाधित रही आपूर्ति**



**करीब 30 मिनट की आंधी में कई क्षेत्रों में नुकसान हुआ**

**मथुरा।** मथुरा में मंगलवार शाम आई आंधी ने तबाही मचाई। ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़, विद्युत खंभों के साथ-साथ ब्रज-84 कोस परिक्रमा मार्ग में लगाए गए भंडारों व शिविरों के टेंट उड़ गए। देर रात तक बारिश के आसार बने रहे। मंगलवार सुबह से ही तेज धूप रही। दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बीते दिनों आंधी-बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज थी। वहीं मंगलवार शाम को अचानक मौसम बदल गया। धूल भरी आंधी से होर्डिंग, बैनर, पेड़ और ब्रज-84 कोस परिक्रमा मार्ग में लगे शिविरों के पंडाल उखड़ गए। करीब 30 मिनट की आंधी में कई क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी बारिश और आंधी के आसार जताए हैं।

गिरिराज तलहटी में आंधी के साथ हुई बारिश ने गर्मी से राहत दी, लेकिन राधाकुंड से गोवर्धन जाने वाले रिंगरोड पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विकास प्राधिकरण का भारी-भरकम सूचना बोर्ड तेज हवा के झोंके से उखड़कर सीधे सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा। गनीमत रही कि उस समय वाहनों की आवाजाही कम थी, जिससे किसी के घायल होने की घटना टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम को अचानक मौसम बिगड़ा। आंधी के साथ बारिश शुरू होते ही लोहे का विशाल बोर्ड अपनी जगह से हटकर सड़क पर गिर गया। इससे सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। लोगों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर वैकल्पिक रास्तों से जाना पड़ा। वृंदावन में मंगलवार को आई तेज आंधी ने शहर की विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया।

कई इलाकों में बिजली लाइनों और उपकरणों में फॉल्ट आने से घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। वहीं, मंदिरों और धर्मस्थलों में ठहरे श्रद्धालु भी परेशान नजर आए।

## दिल्ली में 120 किमी की रफ्तार से चली आंधी, कई इलाकों में बारिश

**मौसम का मिजाज**

**तेज धूल भरी आंधी चली और कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हुई**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत में मौसम का मिजाज मंगलवार देर शाम अचानक बदल गया। तेज धूल भरी आंधी चली और कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हुई। दिल्ली के पालम में 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई आंधी में आसमान धूल के गुबार से ढंक गया। आंधी की यह रफ्तार वर्ष 2001 के बाद से सबसे अधिक है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को पूरे दिन गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाया। दिल्ली का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। विभिन्न हिस्सों में बारिश होने से लोगों को तपती गर्मी से काफी राहत मिली।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सात संकल्प : अमरावती का विकास अहमदाबाद मेट्रो विस्तार और पीएम मोदी का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**सात संकल्प**

**केंद्रीय कैबिनेट की हालिया बैठक में लिए गए कई बड़े और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को रफ्तार देने के लिए अहम कदम उठाए हैं। केंद्रीय कैबिनेट की हालिया बैठक में कई बड़े और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले लिए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश के अमरावती के विकास से लेकर गुजरात के अहमदाबाद में मेट्रो रेल के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, देश के राजनीतिक इतिहास में एक नया मील का पत्थर भी जुड़ गया है। आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार के इन फैसलों में क्या-क्या शामिल है।

**अमरावती को केंद्र सरकार से क्या बड़ी सौगात मिली? :** आंध्र प्रदेश के अमरावती को विकसित करने की दिशा में केंद्र ने अहम कदम उठाया है। कैबिनेट ने अमरावती में केंद्र सरकार की दो प्रमुख अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है।

शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इस कॉरिडोर में कुल पांच नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस नए मेट्रो कॉरिडोर के चालू होने के बाद गुजरात के दो प्रमुख शहरों (अहमदाबाद और गांधीनगर) की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी। चरण 2ए का काम पूरा होने और इसके शुरू होने पर, अहमदाबाद-गांधीनगर मार्ग पर कुल 77.63 किलोमीटर लंबा एक सक्रिय और विशाल मेट्रो रेल नेटवर्क आम जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

**पीएम मोदी के नाम रिकॉर्ड दर्ज हुआ?**

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

## रिलायंस और मेटा की बड़ी तैयारी: गुजरात में बनेगा एआई डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने एक बड़ी साझेदारी का एलान किया है। दोनों कंपनियां मिलकर गुजरात के जामनगर में एक अत्याधुनिक एआई तकनीक से लैस डेटा सेंटर बनाने जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट तकनीक के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। क्षमता और समय: यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा और इसके अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद है।

मेटा का पहला खास डेटा सेंटर: यह भारत में मेटा का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा। इसका मतलब है कि इसे बिल्कुल उसी तरह डिजाइन किया जा रहा है।

## शुभेंदु सरकार में विभागों का बंटवारा: स्वपन दासगुप्ता बने वित्त तो शंकर घोष बने पर्यटन मंत्री

**कैबिनेट विस्तार**

**खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। इसके बाद पश्चिम बंगाल मंत्रिपरिषद की कुल संख्या 41 हो गई है।

**निशीथ प्रामाणिक संभालेंगे ये विभाग :** कैबिनेट मंत्रियों में निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

## शादी की जिद की तो अपने ही बने दुश्मन

### लव मैरिज करने पर युवक का पत्नी के सामने ही कर दिया कत्ल



**पुलिस की लापरवाही की भेंट चढ़ गया शिव कुमार**

**सहारनपुर।** सहारनपुर के रामपुर मनिहारान थाना इलाके में पुलिस भर्ती परीक्षा देने आई पत्नी के सामने पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों ने चार माह पहले प्रेम विवाह किया था। इसी वजह से वारदात को अंजाम दिया गया। कार के शीशे से सटाकर गोली मारी गई। सभी हमलावर बाइक पर आए थे।

मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे वारदात को अंजाम देकर भाग गए। पत्नी ने हत्या का आरोप सगे भाई मंजीत और कई अन्य पर लगाया है। युवक के पिता सलेखचंद की तहरीर पर पुलिस ने आकांक्षा के दो सगे भाई समेत छह पर प्राथमिकी दर्ज की है।

**दोपहर में परीक्षा खत्म होने के बाद घर जा रहा था शिवकुमार :** शामली जिले के गांव खेड़ी बैरागी निवासी शिवकुमार (27) अपनी पत्नी आकांक्षा को पुलिस भर्ती की परीक्षा दिलाने के लिए रामपुर मनिहारान स्थित गोचर महाविद्यालय आया था।

शिवकुमार ने परीक्षा के लिए स्कार्पियो कार किराए पर ली थी। दोपहर में परीक्षा खत्म होने के बाद शिवकुमार अपनी पत्नी आकांक्षा और मामा के बेटे शुभम के साथ कार से घर शामली जा रहा था। परीक्षा केंद्र से करीब 500 मीटर दूर दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर शहरी पुल के पास भीड़ लगी थी। उनकी कार के आगे ई-रिक्शा खड़ा था।

इसी दौरान बाइक से आए हमलावर ने कार के शीशे से सटाकर गोली चला दी, जो शिवकुमार के सिर में लगी। गोली लगते ही शिवकुमार खून से लथपथ होकर गिर गया।

घायल अवस्था में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी आकांक्षा ने पुलिस को बताया कि चार महीने पहले उन्होंने शिवकुमार से प्रेम विवाह किया था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। अनुसूचित जाति के एक ही बिरादरी के हैं। विवाह के बाद से परिजन उनके रिश्ते का विरोध कर रहे थे। आकांक्षा का आरोप है कि इसी नाराजगी के चलते भाई और कई अन्य ने मिलकर उनके पति की हत्या की है।

सहारनपुर के रामपुर मनिहारान इलाके में खेड़ी बैरागी निवासी 27 वर्षीय शिव कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में परिजनों का आरोप है कि प्रेम विवाह के बाद से ही लड़की पक्ष की ओर से लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो शिव कुमार की जान बच सकती थी। मृतक के चचेरे भाई मोनू ने बताया कि शिव कुमार ने 24 फरवरी को पड़ोस की आकांक्षा के साथ प्रेम विवाह किया था।

## बांकेबिहारी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं पर टूटी आफत, खून से सने लोग और चीखती महिलाएं

**हादसा**

**छज्जा गिरने से श्रद्धालुओं के घायल होने की घटना ने प्रशासनिक दावों की पोल खोली**



**मथुरा।** वृंदावन में मंगलवार शाम छह बजे से जैसे ही मोबाइल फोन पर आंधी-बारिश का अलर्ट मैसेज आया तो मनीष गोस्वामी के घर बैठे अलीगढ़ के लक्ष्मीनारायण और उनके परिजन मौसम की बात ही कर रहे थे। तभी तेज आंधी शुरू हो गई और वह बाहर उठकर देखने चले गए। अचानक तेज आवाज आई और चीखपुकार मच गई। परिजन ने बाहर आकर देखा तो वह सड़क पर बेहोश पड़े हुए थे। सिर से खून बह रहा था। परिजन उन्हें देखते ही रोने चिल्लाने लगे। मनीष गोस्वामी और उनके परिजन उन्हें हाथों में उठाकर लेकर दौड़ने लगे। तब तक एंबुलेंस आ चुकी थी, जिसकी सहायता से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। अलीगढ़ के कावेरी विहार के रहने वाले लक्ष्मीनारायण अपना जन्मदिन मनाने के लिए बांकेबिहारी मंदिर में अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ आए थे। मनीष गोस्वामी ने बताया कि वह दर्शन कर उनके घर पर बैठे थे लेकिन होनी उन्हें बाहर तक खींच ले गई। किसी को ऐसी उम्मीद भी नहीं थी कि ऐसा हादसा हो सकता है।

**पिता संग बेटा भी हुआ घायल, चिपककर रोने लगा**

आगरा के रुनकता निवासी विजय और पांच वर्ष का रुद्रांश भी हादसे में घायल हो गए। रुद्रांश के सिर में चोट आई। चोट लगने के बाद पिता ने अपनी चोट न देखकर बच्चे को उठाया और अपनी जेब से रुमाल निकालकर उसके सिर पर लगा दिया। बेटा दर्द के मारे रो रहा था और पिता की आंखों से आंसू निकल रहे थे। उनके साथ आए लोगों ने दोनों को संभाला। हादसे के बाद बेटा पिता से चिपक गया। अस्पताल पहुंचने पर वह पिता के साथ व्हीलचेयर पर बैठा रहा। पिता ने अधिकारियों और चिकित्सकों से कहा कि मेरे बेटे को कुछ नहीं होना चाहिए।

## तनिष हत्याकांड: दोस्त ने कत्ल कर लाश के किए टुकड़े

**जालंधर।** जालंधर में शेर सिंह कॉलोनी में 5 जून को कार के मैट और बोरे में लिपटी सड़ी-गली लाश मिली थी। जिसकी पहचान 32 वर्षीय तनिष अरोड़ा उर्फ नन्नी के रूप में हुई है। परिवार ने तनिष के साथी दीपक पर हत्या का आरोप लगाया है, जो घटना के बाद से परिवार सहित फरार है।

तनिष के भाई मनीष अरोड़ा के अनुसार, तनिष और दीपक के बीच पैसों का लेन-देन था।

शक है कि पैसे मांगने के बहाने दीपक ने तनिष को अपने किराए के घर बुलाया और वहीं उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोप है कि हत्या के बाद शव को दातर से गर्दन, धड़, जांघों और पैरों के पास चार जगहों से काटा गया। इसके बाद शव को तिरपाल, बोरे और कार के मैट में लपेटकर रस्सियों से बांध दिया गया। परिवार का दावा है कि आरोपी शव को ठिकाने लगाने की फिराक में था, लेकिन ग्राउंड फ्लोर पर किराएदारों की मौजूदगी के कारण वह शव बाहर नहीं ले जा सका।

## त्यागपत्र का कारण निजी, बंगाल से लेना-देना नहीं : सुष्मिता देव

**दल बदल**

**सीएम हिमंत के पास पहुंचीं पूर्व टीएमसी सांसद। इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में कर दी चर्चा तेज**



**कोलकाता।** सुष्मिता देव ने तृणमूल कांग्रेस और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद सुष्मिता देव ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है।

सुष्मिता ने स्पष्ट किया कि वह सीधे तौर पर बंगाल की राजनीति से नहीं जुड़ी हैं। वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय तक कांग्रेस में रही हैं, इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार के नाते मुलाकात की। अगले दो-तीन दिनों तक उनका कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। जब उनसे अगले कदम के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वह राजनीति के माध्यम से लोगों की सेवा करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे राजनीति में आने और जनता की प्रतिनिधि बनने का मौका मिलेगा।

## मोदी सबसे लंबे कार्यकाल वाले पीएम सीएम से लेकर सांसद तक पहुंचे मंदिर



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी अब भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को मोदी के प्रधानमंत्री पद पर लगातार बने रहने का 4,399वां दिन है। सीएम रेखा से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सभी नेता मंदिरों में पहुंचे और पूजा की।

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद थे। सांसद बांसुरी स्वराज और भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख भी पूजा में सम्मिलित हुए। वहीं दूसरी वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी प्रार्थना की। दिल्ली भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी उनके साथ थे।

**रेखा गुप्ता ने की गौसेवा**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज किशनगंज स्थित पिंजरापोल गौशाला में गौसेवा की। उन्होंने परिसर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुंदरकांड का पाठ भी किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ।

## दावों में कितना दम?: 20 सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

**तृणमूल में टूट!**

**क्या वाकई ममता बनर्जी की पार्टी बड़े टूट की ओर बढ़ रही है?**



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आती दिख रही है। पार्टी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले सांसद सुखेंदु शेखर भी इस्तीफा दे चुके थे। वहीं, दूसरी काकोली घोष दस्तीदार के एक दावे ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा भूचाल ला दिया। काकोली ने दावा किया है कि तृणमूल कांग्रेस के करीब 20 सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की बात कही। हालांकि अभी तक उस कथित पत्र को सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही सभी सांसदों के नाम सामने आए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई ममता बनर्जी की पार्टी बड़े टूट की ओर बढ़ रही है या यह सिर्फ दबाव बनाने की राजनीतिक रणनीति है।

काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के लगभग 20 सांसदों ने मिलकर लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखा। इस पत्र में एनडीए को समर्थन देने की जानकारी दी गई है। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला कई सांसदों के साथ चर्चा के बाद लिया गया। काकोली ने यह भी कहा कि उन्होंने जनता के जनादेश को स्वीकार किया है और अब उनका राजनीतिक भविष्य एनडीए के साथ जुड़कर आगे बढ़ने में है।

## यूपी में 25 सेकंड में डबल मर्डर

### सुरक्षा न मिलने से बढ़ी हिस्ट्रीशीटर की हिम्मत



**मर्डर**

**हिस्ट्रीशीटर की धमकी मिलने पर व्यापारी ने पुलिस से कई बार सुरक्षा की गुहार लगाई**

**बागपत।** बागपत के बड़ौत में मंगलवार शाम को लगभग पौने छह बजे टेंट व्यापारी सोहनलाल (60) और उनके इकलौते बेटे विकास (28) की दुकान में घुसकर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से बाइक सवार राहगीर रोहित निवासी पट्टी चौधरान भी घायल है। हिस्ट्रीशीटर वरुण लुहारी ने 10 साल पहले हुई अपने भाई कपिल की हत्या की रंजिश में अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने वरुण लुहारी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। मेरठ मेडिकल कॉलेज ले जाते हुए वरुण ने भी दम तोड़ दिया।

मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दस साल पहले शुरू हुई रंजिश में हिस्ट्रीशीटर की धमकी मिलने पर व्यापारी ने पुलिस से कई बार सुरक्षा की गुहार लगाई, लेकिन सुरक्षा नहीं मिली। इसलिए ही हिस्ट्रीशीटर वरुण लुहारी की हिम्मत बढ़ गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 11 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम | ट्वीट का करंट




## खोड़ा में अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

# 10 से ज्यादा मुकदमों वाले बदमाश आएंगे रडार पर

## असद एनकाउंटर के बाद फिर नया अभियान

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा क्षेत्र में शुरू हुई पुलिस की सख्ती अब और बड़े स्तर पर पहुंचने जा रही है। तीन दिन तक चले ऑपरेशन क्लीन के बाद अब पुलिस की नजर उन अपराधियों पर है जिनके खिलाफ 10 या उससे अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उनकी आय के स्रोत, संपत्तियों और आपराधिक गतिविधियों की गहन पड़ताल करेगी। अधिकारियों का कहना है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई किसी भी स्तर पर कमजोर नहीं पड़ने दी जाएगी। खोड़ा थाना क्षेत्र बीते कुछ दिनों से प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूर्य हत्याकांड और उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई के चलते यह इलाका अपराध विरोधी अभियानों का केंद्र बन गया है। हाल ही में चलाए गए तीन दिवसीय ऑपरेशन क्लीन के दौरान पुलिस ने 1800 से अधिक ऐसे लोगों को चिन्हित किया था, जिनका किसी न किसी आपराधिक गतिविधि से संबंध रहा है।



हत्यारोपी असद (मृतक)



**अपराधियों की काली कमाई और संपत्तियों की होगी जांच**

अब पुलिस ने ऐसे अपराधियों की अलग सूची तैयार करनी शुरू कर दी है जिनके खिलाफ 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों की गतिविधियों, आय के स्रोत और उनके द्वारा अर्जित संपत्तियों की जांच की जाएगी।

### वाहन चोर, स्नैचर और मादक पदार्थ तस्कर निशाने पर

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों के अनुसार खोड़ा क्षेत्र में वाहन चोरी, लूटपाट, स्नैचिंग और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई अपराधी सक्रिय रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो कई मामलों में जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर हैं। अब उनके पुराने मामलों और वर्तमान गतिविधियों की भी समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार खोड़ा क्षेत्र में रहने वाले 100 से अधिक ऐसे अपराधी पुलिस के चिन्हांकन में हैं, जिनकी आर्थिक गतिविधियों की जांच की जाएगी। पुलिस यह पता लगाएगी कि उनकी आमदनी का वास्तविक स्रोत क्या है, परिवार का खर्च किस प्रकार चल रहा है और कहीं अपराध से अर्जित धन का उपयोग तो नहीं हो रहा। आने वाले दिनों में डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी इस अभियान की सीधी निगरानी करते नजर आएंगे।

### असद एनकाउंटर के बाद बना पुलिस कार्रवाई का हॉटस्पॉट

करंट क्राइम : असद एनकाउंटर ने खोड़ा को पुलिस और प्रशासन की प्राथमिकता में ला खड़ा किया है। पिछले डेढ़ सप्ताह के दौरान पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, एडीएम, एडिशनल सीपी, डीसीपी, एसीपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।



### पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड का सख्त संदेश

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने स्पष्ट किया है कि गाजियाबाद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। किसी भी अपराधी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उसकी संपत्तियों तथा आर्थिक गतिविधियों की भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। असद एनकाउंटर और ऑपरेशन क्लीन के बाद खोड़ा में शुरू हुई यह नई मुहिम संकेत दे रही है कि अब पुलिस केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उनकी आर्थिक जड़ों पर भी प्रहार करेगी। यदि यह अभियान प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा तो खोड़ा में संगठित अपराध और पेशेवर अपराधियों के नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ सकता है।

## असद एनकाउंटर करने वाले दरोगा रामकिशन को मिला थानेदारी का इनाम, बने मधुबन बापूधाम के नए थानाध्यक्ष

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार को हुए तबादलों के बीच एक महत्वपूर्ण फैसला सामने आया है। खोड़ा क्षेत्र के चर्चित सूर्या हत्याकांड में मुख्य आरोपी असद के पुलिस एनकाउंटर में अहम भूमिका निभाने वाले उपनिरीक्षक रामकिशन को थानेदारी का इनाम मिला है। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के अनुसार रामकिशन को थाना मधुबन बापूधाम का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रामकिशन अब तक थाना खोड़ा में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में तैनात थे। सूर्या हत्याकांड के बाद फरार चल रहे मुख्य आरोपी असद को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई में रामकिशन की भूमिका को काफी महत्वपूर्ण माना गया था। पुलिस महकमे में चर्चा है कि इसी प्रभावी कार्रवाई और बेहतर कार्यशैली के चलते उन्हें थानाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।




पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में रामकिशन को खोड़ा से हटाकर मधुबन बापूधाम थाने की कमान दी गई है। वहीं निरीक्षक रविंद्र सिंह को थाना मोदीनगर से अतिरिक्त निरीक्षक मसूरी व निरीक्षक राजवीर सिंह को मसूरी से अतिरिक्त निरीक्षक लोनी भेजा गया है। पुलिस विभाग में इस नियुक्ति को एक बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को जिम्मेदारी और पदोन्नति के अवसर दिए जा रहे हैं। मधुबन बापूधाम जैसे महत्वपूर्ण थाने की कमान मिलने के बाद अब रामकिशन के सामने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की चुनौती होगी।

## कविनगर रामलीला मैदान में जीडीए की बड़ी कार्रवाई जानकी भवन के मीटिंग हॉल को किया गया सील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर रामलीला मैदान में बुधवार को जीडीए ने बड़ी कार्यवाही की। यहां पर मंच के पास बनाये गये मीटिंग हॉल को जीडीए ने अवैध बताते हुए सील कर दिया। दरअसल यहां रामलीला कमेटी ने मंच का रिनोवेशन कराया था। ये इस तरीके से था कि कम जगह में अधिक सुविधाओं को जनता के लिए रखा गया था। इसमें मंच क साथ साथ एक ऑडिटोरियम का भी निर्माण कराया गया था। बड़ी खूबी ये थी कि यहां जगह का बेहद खूबसूरती से इस्तेमाल किया गया था। जितनी जगह मंच की थी उतनी ही जगह ली गयी और अत्याधुनिक स्टेज तैयार हुआ और फिर भूतल से लेकर बेसमेंट बना और इसमें एक मिनी ऑडिटोरियम बना। इस ऑडिटोरियम का नाम जानकी भवन रखा गया। नगर निगम की बैठकों से लेकर यहां धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे। फिलहाल कारण जो भी रहा हो लेकिन जीडीए की टीम ने इस निर्माण को अवैध बताते हुए सील लगा दी।




# 15 जून की डेडलाइन, सपा नेताओं की अग्निपरीक्षा शुरू

## बूथ समितियों के पुनर्गठन में कौन दिखाएगा ताकत, कौन रहेगा सिर्फ दावों तक सीमित?




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर बूथ समितियों के पुनर्गठन का अभियान शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के पत्र के बाद अब गाजियाबाद में भी संगठनात्मक गतिविधियों पर निगाहें टिक गई हैं। राजनीतिक हलकों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि 15 जून तक निर्धारित लक्ष्य वास्तव में पूरा हो पाएगा या फिर यह कवायद भी कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाएगी। गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के सामने यह अभियान किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं माना जा रहा है। संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना, निष्क्रिय पदाधिकारियों की पहचान करना और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए नई समितियों का गठन करना आसान काम नहीं है। खासतौर पर तब, जब पार्टी के कई प्रकोष्ठ और फ्रंटल संगठन लंबे समय से अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा पा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनावी वर्षों में अक्सर संगठनात्मक बैठकों की संख्या तो बढ़ जाती है, लेकिन बूथ स्तर पर कार्यकताओं की मौजूदगी उतनी मजबूत दिखाई नहीं देती। ऐसे में प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय की गई समय सीमा स्थानीय नेतृत्व की कार्यक्षमता की भी परीक्षा मानी जा रही है।

### टिकट मांगने वालों के लिए सुनहरा मौका

करंट क्राइम। सपा के भीतर विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले नेताओं की संख्या कम नहीं है। कई संभावित दावेदार अभी से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने में जुटे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस बार केवल टिकट की दावेदारी जताने से काम नहीं चलेगा, बल्कि यह भी दिखाना होगा कि संबंधित नेता ने बूथ स्तर पर संगठन को कितना मजबूत किया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जो नेता चुनाव लड़ने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए बूथ समितियों का गठन अपनी ताकत साबित करने का सबसे बड़ा अवसर है। यदि वे अपने क्षेत्रों में मजबूत संगठन खड़ा नहीं कर पाए तो उनकी दावेदारी भी सवालों के घेरे में आ सकती है।

### प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर भी नजर

करंट क्राइम। गाजियाबाद में पार्टी के कई प्रदेश सचिव, राष्ट्रीय सचिव और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बैठे नेता सक्रिय हैं। ऐसे में बूथ पुनर्गठन अभियान उनके लिए भी अपनी राजनीतिक उपयोगिता साबित करने का मौका लेकर आया है। अब यह देखने वाली बात होगी कि इनमें से कौन नेता कार्यकर्ताओं के बीच जाकर संगठन को मजबूती देता है और कौन केवल बैठकों और औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित रहता है। कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा भी सुनाई दे रही है कि बड़े पदों की असली अहमियत तब साबित होगी जब उनका असर बूथ स्तर पर दिखाई देगा। केवल पदनाम से चुनाव नहीं जीते जाते, इसके लिए जमीनी नेटवर्क की भी आवश्यकता होती है।

### 15 जून के बाद साफ होगी तस्वीर

करंट क्राइम। सपा नेतृत्व ने 15 जून तक बूथ समितियों के पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में आने वाले कुछ दिन गाजियाबाद संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। यदि अभियान सफल रहता है तो पार्टी को आगामी चुनाव की तैयारी में मजबूती मिलेगी, लेकिन यदि लक्ष्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो संगठन की सक्रियता को लेकर नए सवाल खड़े हो सकते हैं। फिलहाल प्रदेश नेतृत्व ने दिशा तय कर दी है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि गाजियाबाद में कौन नेता संगठन को बूथ तक पहुंचाता है और कौन केवल दावों और चर्चाओं तक सीमित रहता है। 15 जून की डेडलाइन नजदीक है और इसके साथ ही सपा नेताओं की अग्निपरीक्षा भी शुरू हो चुकी है।

# अगर एमएलसी स्नातक की सीट चली गई वैश्य कोटे में तो क्या विधानसभा चुनाव की दावेदारी आ जाएगी टोटे में!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में किसी एक ताजपोशी का सीधा कनेक्शन किसी के इलेक्शन से होता है। राजनीति में नेबर वाले जिले में अगर सियासत का पत्ता भी हिले तो इफैक्ट इस जिले तक आते हैं। एमएलसी चुनाव की दावेदारी का सीन चल रहा है और फिलहाल सुर्खियों में एमएलसी स्नातक वाली सीट है। इस सीट को लेकर अंदरखाने कई दांवपेंच चल रहे हैं, कई भागदौड़ चल रही है। अब ये माना जा रहा है कि अगर एमएलसी स्नातक वाली सीट वैश्य कोटे में आग गई तो फिर विधानसभा चुनवा में किसी एक सीट पर वैश्य दावेदारी का टोटा पड़ जाएगा।




राजनीति में जातिगत भागदीरी का समीकरण होता है। राजनीति में बिरादरी का ये समीरकण कई बार जिले को और कई बार तीन लोकसभाओं को भी मिलाकर बनता है। गाजियाबाद की बात करें तो यहां वैश्य राजनीति भाजपा की राजनीति का अभिन्न अंग है। यहां शुरू से वैश्य दावेदारी रहती है, वैश्य समाज की भगवा चुनाव में भागीदारी रहती है। मौजूदा समय की बात करें तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग वैश्य समाज से हैं। मेयर सुनीता दयाल वैश्य समाज से हैं, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल वैश्य समाज से हैं, एमएलसी दिनेश गोयल वैश्य समाज से हैं। यहां पर पूर्व वालों की बात करें तो पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल वैश्य समाज से हैं, जिला अध्यक्ष रह चुके दिनेश सिंघल वैश्य समाज से हैं। अतुल गर्ग स्वयं शहर विधायक रहे हैं सरकार में मंत्री रहे हैं, अब जब एमएलसी सीट को लेकर मंथन चल रहा है तो यहां राजनीति कुछ संकेत दे रही है।

शहर सीट की बात करें तो अतुल गर्ग को जब लोकसभा का टिकट मिला तो यहां तीन वैश्य दावेदारों के नाम चलें, लेकिन उपचुनाव में ये सीट ब्राह्मण कोटे में आ गई। यहां ब्राह्मण चेहरे के रूप में संजीव शर्मा को टिकट मिला और वो चुनाव जीते। अगर इससे भी पहले इतिहास को देखें तो यहां वैश्य चेहरे के रूप में दमयंती गोयल आईं, उनके बाद सीट ओबीसी हो गई और जैसे ही सीट सामान्य महिला आरिक्षत हुई तो इस सीट पर ब्राह्मण चेहरा आ गया। आशा शर्मा मेयर बनी और ब्राह्मण सीट वैकेट होते ही यहां वैश्य चेहरे के रूप में सुनीता दयाल आ गई।

सियासत के समीकरण को समझने बूझने वाले ये मानकर चल रहे हैं कि अगर एमएलसी स्नातक की सीट पर वैश्य चेहरा आएगा तो विधानसभा की किसी एक सीट से वैश्य दावेदारी खत्म हो जाएगी। ये सियासत का तकाजा है कि संतुलन साधना पड़ता है। एमएलसी स्नातक की सीट पर फिलहाल दिनेश गोयल मौजूद हैं। यहां टिकट की घोषणा होल्ड है और पूरा माला ही फोल्ड है।

सूत्र बताते हैं कि कोई ऐसा भी है जो अंदर से इस बात की दुआ कर रहा है कि यह सीट किसी दूसरे जिले में चली जाए। यहां एमएलसी सीट नहीं होगी तो विधानसभा की दोवदारी बनेगी, ऐसा सीन बन रहा है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि अभी खेल खत्म नहीं हुआ है। क्योंकि ऐसा होने की संभावना कम है। टिकट भले ही होल्ड हो गया है, लेकिन दिनेश गोयल की पकड़ कहीं से कहीं तक कमजोर नहीं है। वो मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड के साथ बने हुए हैं। फिलाहल यहां वैश्य लॉबी एक्टिव है और निकट भविष्य में यहां एमएलसी चुनाव की दावेदारी के इफैक्ट विधानसभा में नजर आएंगे।

# शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए मिड-डे मील और गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मिले मुक्ति : बालेश्वर त्यागी






**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव के कारण ही सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2005 में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 71% थी जो 2024-25 में ये घटकर 49.24% रह गई है।**

**प्रमुख बातें**

**1 सरकारी स्कूलों में घट रहा नामांकन**
नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी प्रयासों से स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का प्रतिशत 2005 के 71% से घटकर 2024-25 में 49.24% रह गया है।

**2 मिड-डे मील व्यवस्था का शिक्षा पर प्रभाव**
लेख में कहा गया है कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनने की व्यवस्था से शिक्षकों और प्रधानाचार्यों का समय प्रभावित होता है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ता है।

**3 पंचायतों को सौंपी जाए भोजन व्यवस्था**
सुझाव दिया गया है कि पंचायतें अपने क्षेत्र के विद्यालयों में पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराएं, जिससे शिक्षक और विद्यालय प्रशासन इस जिम्मेदारी से मुक्त होकर शिक्षा पर ध्यान दे सकें।

**4 शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मिले राहत**
वोटर सूची, चुनाव ड्यूटी, जनगणना तथा अन्य सरकारी कार्यों में शिक्षकों की तैनाती बंद कर उन्हें केवल शिक्षण कार्य तक सीमित रखने की मांग की गई है।

**5 शिक्षित बेरोजगारों के लिए बने राष्ट्रीय कार्यबल**
सरकार शिक्षित बेरोजगार युवाओं का पंजीकृत कार्यबल बनाकर उन्हें चुनाव, जनगणना और अन्य प्रशासनिक कार्यों में लगाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकती है, जिससे शिक्षा व्यवस्था और रोजगार दोनों को लाभ होगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के नीति आयोग ने भारत की स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता के अभाव पर चिंता व्यक्ति की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी प्रयासों से स्कूल में आने वाले बच्चों की संख्या में तो वृद्धि हुई है लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अभी दूर की कौड़ी बनी हुई है। सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव के कारण ही सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है। उपलब्ध आंकड़े के अनुसार 2005 में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 71% थी जो 2024-25 में ये घटकर 49.24% रह गई है।

अगर सरकार सच में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को लेकर गंभीर है तो सरकार को दो योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। एक, मध्यान भोजन को स्कूल से हटा कर पंचायत को देना चाहिए। जब से स्कूलों में रसोई बनी है तब से शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित हुई है। स्कूलों में बना बनाया खाना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर प्रारंभ हुआ था। सरकार को सर्वोच्च न्यायालय में आवेदन करके इस व्यवस्था को बदलने और उसके स्थान पर कोई व्यवहारिक व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें शिक्षकों और प्रधानाचार्य को इस मध्यान्ह भोजन व्यवस्था से मुक्त करना चाहिए। पंचायतें अपने क्षेत्राधिकार में संचालित सरकारी विद्यालयों में पका पकाया भोजन उपलब्ध कराएं।

दूसरे शिक्षकों को शिक्षण से इतर सारे कार्यों से मुक्त किया जाए। अपने देश में शिक्षित बेरोजगारों की अच्छी खासी संख्या है। जब सरकार रोजगार गारंटी अधिनियम लेकर आई थी तो भी केवल शारीरिक श्रम करने वाले बेरोजगारों के लिए व्यवस्था बनाई गई थी। अब समय आ गया है कि सरकार देश भर में शिक्षित बेरोजगारों की कोई पंजीकृत वर्क फोर्स बनाए। उन्हें उन सरकारी कार्यों में लगाए जिनमें शिक्षकों को लगाया जाता है। उन्हें प्रशिक्षण भी दे और कार्य के बदले भत्ता भी दे। वोट बनाना, चुनाव ड्यूटी करना, जनगणना करना।

लोकसभा, विधान सभा, जिला पंचायत, ब्लाक पंचायत और ग्राम पंचायतों के निर्वाचन के समस्त दायित्वों का निर्वाह करना, जैसे वर्षभर में बहुत से कार्यों में शिक्षकों को लगाया जाता है। अगर सरकार राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित बेरोजगारों को इस व्यवस्था में जोड़कर वर्ष में 60-70 दिन का काम भी दे सके तो बेरोजगारों के लिए बड़ी योजना बन सकती है। जिस तरह से चुनावों में रेवड़ी बांटने का चलन बन गया है, देर सवेर कोई पार्टी बेरोजगारी भत्ता देने की शुरूआत कर सकती है। इसलिए सरकार को शिक्षा में गुणवत्ता के लिए मध्यान भोजन और शिक्षकों को गैर शिक्षणेत्तर कार्यों से मुक्त करना चाहिए।

## संपादकीय


# सिद्धांतों पर सत्ता भारी

पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का जैसा रुख देखने में आ रहा है, उससे एक बार फिर यही साफ होता है कि देश की राजनीति में अब सुविधा और तात्कालिक लाभ की प्रवृत्ति तेजी से हावी होती जा रही है। इस क्रम में शुचिता, नैतिकता और सिद्धांतों की जगह सिकुड़ती जा रही है और कुछ नेताओं के लिए सत्ता का संरक्षण तथा उसकी सुविधा ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो चुकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में अट्ठावन विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होने की घोषणा कर दी थी।

अब पार्टी के बीस सांसदों ने भी बागी रुख अख्तियार करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ राजग का समर्थन करने का फैसला किया है। हालांकि अलग हुए विधायकों ने खुद को इन सांसदों से अलग बताया है, लेकिन इतना साफ है कि पश्चिम बंगाल में हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण कमजोर हुआ है और सबको साथ या एकजुट रख पाना उनके लिए मुश्किल साबित हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अपने तर्क हैं और उनका कहना है कि वे पार्टी के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सवाल है कि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत की स्थिति में भी क्या इन सांसदों और विधायकों के भीतर तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की ऐसी ही फिक्र होती! लोकतंत्र के लिए इस तरह की चिंता तभी क्यों सामने दिखती है, जब चुनाव में किसी पार्टी की हार हो जाती है? यों देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी नेता को यह अधिकार है कि एक पार्टी में शामिल होने या उससे अलग होने के बारे में वह खुद क्या तय करता है।

इस लिहाज से देखें, तो तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले विधायकों और सांसदों के अलग-अलग समूहों का पार्टी से नाता तोड़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। मगर यही जब सत्ता के साथ जुड़े रहने की सुविधा से जुड़ जाता है, तो लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ-साथ कुछ सैद्धांतिक जिम्मेदारियों से जुड़े सवाल भी खड़े होते हैं। यह बेवजह नहीं है कि अलग होने वाले सांसदों को तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह चुनौती दी गई है कि अगर उनके लिए सिद्धांत और नैतिकता की कोई अहमियत है, तो उन्हें इस्तीफा देकर फिर से चुनाव जीत कर आना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों से मजबूत सैद्धांतिक असहमति के बिना भी अपनी मूल पार्टी से अलग होने की एक विचित्र रिवायत-सी बनती चली जा रही है। कई नेता जिस पार्टी और उसकी नीतियों के प्रति अपनी आस्था जाहिर कर जनता से समर्थन मांगते हैं और चुनाव में जीत हासिल करते हैं, उसे एक झटके में छोड़ देने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, बशर्ते अपेक्षया ज्यादा लाभ और सुरक्षा का आश्वासन मिले। करीब चार वर्ष पहले महाराष्ट्र में सिर्फ सत्ता के लिए शिवसेना से अलग हुए गुट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी के साथ खड़ा होना ज्यादा बेहतर समझा था। विडंबना यह है कि चूंकि दल-बदल कानून के तहत दो-तिहाई सदस्यों के अलग होने को तकनीकी तौर पर गलत नहीं माना जाता, इसलिए ऐसे नेताओं के सामने कोई अड़चन पेश नहीं आती।

## रोचक तथ्यों का करंट



- 350 मिलियन वर्ष पहले, सऊदी अरब में 20 फुट लंबा मशरूम मौजूद था। इसकी उस समय सूखी जमीन पर सबसे बड़ी जीवित चीज होने की संभावना थी।
- आधुनिक अध्ययनों से पता चलता है कि मशरूम जीवाणुरोधी, एंटी-इन्फ्लैमेटरीज और एंटीऑक्सिडेंट्स के लिए उपयोगी हो सकते हैं।
- क्या आप जानते हैं? कई पौधे मशरूम के साथ सहजीवन (जिसे मायकोर्हिज़िअल रिश्ते कहा जाता है) में रहते हैं। कवक के मायसेलियम (हाइफे के धागे-जैसा द्रव्यमान) पोषक तत्वों के साथ पौधे की जड़ का पोषण करता है, और बदले में यह पौधों द्वारा उत्पादन किये हुए भोजन को प्राप्त करता है।
- जिली ट्रवानंगन, बाली में एक छोटा सा द्वीप है, जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी है। यहाँ शराब पर कठोर पाबन्दी है, लेकिन द्वीपवासी खुलेआम और कानूनी रूप से मिल्कशेक में नियमित रूप से मैजिक मशरूम बेचते हैं और उपभोग करते हैं और इसे आलू के चिप्स की तरह खाते हैं!
- पारंपरिक चीनी दवा ने सदियों से मशरूम के औषधीय गुणों का उपयोग किया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364


सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ बाजार

## डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.27 पर बंद

### एचयूएल के शेयरों में 2 फीसदी की तेजी, हिंडाल्को में 3 फीसदी की गिरावट



### प्रमुख शेयरों ने बाजार में हलचल मचाई

शेयरों के प्रदर्शन की बात करें तो बाजार के इस उतार-चढ़ाव भरे माहौल में एफएमसीजी दिग्गज एचयूएल (एचयूएल) के शेयरों में 2 प्रतिशत की शानदार तेजी दर्ज की गई, जिसने बाजार को कुछ हद तक सकारात्मक सहारा दिया। इसके विपरीत, मेटल सेक्टर की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को के निवेशकों को आज निराशा हाथ लगी, क्योंकि इसके शेयरों में 3 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। कुल मिलाकर बाजार का यह क्लोजिंग अपडेट निवेशकों के बीच सतर्कता के माहौल को दशार्ता है। सेंसेक्स की मामूली बढ़त और निफ्टी की गिरावट यह बताती है कि आज कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में जहां खरीदारी हुई (जैसे एचयूएल), वहीं हिंडाल्को जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली या बिकवाली का दबाव साफ नजर आया।

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को कारोबार का समापन सुस्त अंदाज में हुआ। सेंसेक्स हरे निशान पर बंद हुआ दूसरी ओर निफ्टी लाल निशान पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को मिला-जुला रुख देखने को मिला। कारोबारी सत्र के अंत में देश के दोनों प्रमुख सूचकांक अलग-अलग दिशाओं में बंद हुए। एक तरफ जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स हरे निशान में बंद होकर निवेशकों को मामूली राहत देने में कामयाब रहा, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी गोता लगाकर लाल निशान में बंद हुआ। आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि बाजार बंद होने तक प्रमुख शेयरों और इंडेक्स का फाइनल स्कोरकार्ड कैसा रहा।

बाजार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 10 जून 2026 को दोपहर 03:34 बजे बाजार बंद होने तक सेंसेक्स ने 64.42 अंकों की मामूली बढ़त हासिल की। इस 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ सेंसेक्स 73,983.18 के स्तर पर जाकर टिक गया। दूसरी ओर, निफ्टी 50 इंडेक्स में सुस्ती छाई रही और यह 27.15 अंकों की गिरावट (0.12 प्रतिशत का नुकसान) के साथ 23,214.95 के स्तर पर लाल निशान में बंद हुआ।

रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की मजबूती के साथ 95.27 पर पहुंच गया।

जानकारों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रुपये में जारी गिरावट को थामने के लिए संभावित रूप से दखल दिए जाने से इसमें में मजबूती आई है।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सात संकल्प

## वैष्णव ने बताया- अहमदाबाद मेट्रो फेज-2 को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को रफ्तार देने के लिए अहम कदम उठाए हैं। केंद्रीय कैबिनेट की हालिया बैठक में कई बड़े और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले लिए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश के अमरावती के विकास से लेकर गुजरात के अहमदाबाद में मेट्रो रेल के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, देश के राजनीतिक इतिहास में एक नया मील का पत्थर भी जुड़ गया है। आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार के इन फैसलों में क्या-क्या शामिल है।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। आंध्र प्रदेश के अमरावती को विकसित करने की दिशा में केंद्र ने अहम कदम उठाया है। कैबिनेट ने अमरावती में केंद्र सरकार की दो प्रमुख अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है। इसमें दो प्रमुख निर्माण शामिल हैं:

शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' (ढँरी 2अ) को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इस कॉरिडोर में कुल पांच नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

इस नए मेट्रो कॉरिडोर के चालू होने के बाद गुजरात के दो प्रमुख शहरों (अहमदाबाद और गांधीनगर) की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी।

चरण 2ए का काम पूरा होने और इसके शुरू होने पर, अहमदाबाद-गांधीनगर मार्ग पर कुल 77.63 किलोमीटर लंबा एक सक्रिय और विशाल मेट्रो रेल नेटवर्क आम जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं।

# अनिल अंबानी को मिली अंतरिम राहत, काला धन अधिनियम के तहत कार्रवाई पर उच्च न्यायालय की रोक



**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी को काला धन अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत दी है। अंबानी ने अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। आयकर विभाग ने उन पर 420 करोड़ रुपये की कर चोरी का आरोप लगाया है। उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दे दी है। अदालत ने उन्हें काला धन अधिनियम के तहत उन पर मुकदमा चलाने और जुमार्ने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। अंबानी ने अपनी याचिका में इस अधिनियम के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने मंगलवार को यह आदेश दिया। पीठ ने नोट किया कि इस अधिनियम के खिलाफ अन्य याचिकाएं भी दायर की गई हैं। अदालत ने अंबानी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को इस याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि अंबानी के खिलाफ एक मूल्यांकन आदेश पहले ही पारित हो चुका है। उन्होंने आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह अपील आगे बढ़ सकती है। हालांकि, याचिका के अंतिम निपटारे तक अंबानी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसमें अभियोजन और जुमार्ना भी शामिल है।

आयकर विभाग ने 8 अगस्त, 2022 को अनिल अंबानी को एक नोटिस जारी किया था। विभाग ने उन पर 814 करोड़ रुपये से अधिक के अघोषित धन पर 420 करोड़ रुपये के कर की कथित चोरी का आरोप लगाया है। यह धन दो स्विस बैंक खातों में रखा गया था।

# एनआरआई के लिए डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा शुरू: मिल सकता है 7 प्रतिशत तक ब्याज

### रुपये को मजबूत बनाने के लिहाज से बैंकों के लिए अमेरिकी डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा शुरू की



**नई दिल्ली।** रुपये को मजबूती देने और विदेशी मुद्रा बढ़ाने के लिए आरबीआई ने बैंकों के लिए 'डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा' शुरू की है, जिससे प्रवासियों को डिपॉजिट पर अब 7 फीसदी तक का शानदार ब्याज मिल सकता है। इस योजना के तहत बैंक ग्राहकों से मिलने वाली विदेशी मुद्रा को निश्चित दर पर आरबीआई के पास स्वैप करेंगे, जिससे बाजार के उतार-चढ़ाव का कोई जोखिम नहीं रहेगा। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा यानी डॉलर को भारत लाने और रुपये को मजबूत बनाने के लिहाज से बैंकों के लिए अमेरिकी डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा शुरू की है। यह सुविधा प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की ओर से बैंकों में जमा किए जाने वाले नए फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर(बी) डिपॉजिट पर मिलेगी। योजना के तहत जब कोई एनआरआई भारतीय बैंक में विदेशी मुद्रा जमा करेगा, तो बैंक उस पैसे को डॉलर में बदलकर आरबीआई को दे देगा। इसके साथ ही बैंक और आरबीआई के बीच एक समझौता होगा। इसके तहत, योजना का समय पूरा होने पर आरबीआई उसी पुरानी विनिमय दर पर बैंकों को डॉलर वापस लौटा देगा। इससे बैंकों को बाजार में डॉलर के उतार-चढ़ाव से कोई नुकसान नहीं होगा।

दरअसल, आरबीआई बैंकों और सरकारी कंपनियों को भारी हेजिंग लागत उठाए बिना विदेशी मुद्रा जुटाने में मदद करने के लिए डॉलर-रुपया फॉरेक्स स्वैप सुविधा देता है। हालांकि, स्वैप लागत पर सालाना 1.5 फीसदी की सब्सिडी मिलती है।

### ऐसे काम करेगी योजना

**लेनदेन सीमा :** बैंक इस सुविधा के तहत आरबीआई के साथ कम से कम 10 लाख डॉलर या इसके गुणक में ही लेनदेन कर सकते हैं।

**समय सीमा :** यह सुविधा सिर्फ उन्हीं रकम पर मिलेगी, जो कम से कम तीन साल और अधिकतम पांच वर्ष के लिए जमा होंगे।

**सिर्फ डॉलर में सौदा :** एनआरआई चाहे तो पाउंड या यूरो जैसी किसी भी बड़ी विदेशी मुद्रा में पैसा जमा कर सकते हैं, लेकिन बैंक और आरबीआई के बीच यह सौदा सिर्फ डॉलर में ही होगा।

**एक साल की लॉक-इन :** जमाकताओं एक साल से पहले रकम नहीं निकाल सकेंगे।

**रद्द नहीं होगा सौदा :** बैंक एक बार आरबीआई के साथ यह स्वैप सौदा कर लेंगे, तो यह बीच में रद्द नहीं होगा।

# सरकार ने विमान ईंधन में की 10% की भारी बढ़ोतरी बाजार दर से बचने का अनोखा विकल्प

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू एयरलाइंस के लिए विमान ईंधन की नई योजना पेश की है। इसके तहत एटीएफ के दामों में 10 फीसदी की वृद्धि की गई है, जिससे इसकी कीमत 104.927 रुपये से बढ़कर 115 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। हालांकि, एयरलाइंस को राहत देते हुए अगले तीन साल तक इसी तय दर पर ईंधन लेने का ऐच्छिक विकल्प दिया गया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू एयरलाइंस के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) से जुड़ी नई योजना पेश की। इसके तहत सरकार ने मंगलवार को एटीएफ की कीमतों में 10 फीसदी की वृद्धि की है, पर इसके साथ ही एयरलाइंस को अगले तीन साल तक के लिए ईंधन की दरें स्थिर रखने का विकल्प दिया गया है।



## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी है या मेरी अक्ल?
पति : मुझे तो तुम्हारा मजाक करने का हुनर सबसे अच्छा लगता है!

---

टीचर : अगर तुम परीक्षा में फेल हो गए तो क्या कहोगे?
पप्पू : पापा, एक साल और आपकी सेवा करने का मौका मिल गया!

---

डॉक्टर : आपको रोज सुबह जल्दी उठकर दौड़ लगानी चाहिए।
मरीज : डॉक्टर साहब, मैं तो नौकरी पर ही दौड़ता रहता हूं, अब ओलंपिक की तैयारी नहीं करनी!

---

पत्नी : आपको मेरी कौन-सी बात सबसे ज्यादा पसंद है?
पति : जब तुम मायके जाने की तैयारी करती हो, तब तुम्हारी हर बात अच्छी लगती है!

---

दोस्त : यार, शादी के बाद जिंदगी कैसी चल रही है?
दूसरा दोस्त : पहले मैं अपनी मर्जी का मालिक था, अब सलाहकार की पोस्ट पर हूं!

---

पापा : बेटा, मोबाइल छोड़कर पढ़ाई कर लिया करो।
बेटा : पापा, आप भी तो फोन चलाते रहते हो।
पापा : बेटा, मैं एटकभरता हूं, मुझे अधिकार है!

---

बॉस : ऑफिस में इतना चुप-चुप क्यों रहते हो?
कर्मचारी : सर, गलती से कोई अच्छा आइडिया दे दिया तो काम बढ़ जाएगा! –

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 11 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



लालू प्रसाद यादव
राजनेता


नियति राज


विवान त्यागी



सात्विक


बोईशाली एस


नीलिमा झां


कैप्टन विकास गुप्ता


अमित प्रताप


अर्पण त्यागी


अतुल रश्मि


भगवत सिंह भाटी


शरदेंदु शर्मा


पवन शर्मा


प्रदीप पाठक


चरणजीत


विकास मिश्रा


राजेश त्यागी


प्रवीण मिश्रा


रोहित प्रधान


उदयन अरविंद प्रभात


उमेश चंद पंत


राहुल वत्स


सोनू बंसल


जितेंद्र भाटी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# वॉर्म-अप मुकाबले में पुराने रंग में नजर आए मेसी

## फुटबॉल के महाकुंभ से पहले फिटनेस पर क्या बोले



**कार्डिफ।** फीफा विश्व कप 2026 से पहले अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने फिटनेस को लेकर राहत भरी खबर दी है। आइसलैंड के खिलाफ 3-0 की जीत में गोल करने के बाद मेसी ने कहा कि वह पूरी तरह अच्छा महसूस कर रहे हैं और विश्व कप के लिए तैयार हैं।

फीफा विश्व कप 2026 से पहले अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपनी फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। आइसलैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम वॉर्म-अप मुकाबले में अर्जेंटीना की 3-0 की शानदार जीत के बाद मेसी ने कहा कि वह अब पूरी तरह बेहतर महसूस कर रहे हैं और मैदान पर लौटकर काफी खुश हैं।

**मैदान पर आते ही छाए मेसी**

अलबामा के जॉर्डन-हेयर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मेसी को 70वें मिनट में मैदान पर उतारा गया। मैदान पर आते ही उन्होंने प्रभाव छोड़ा और 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मैच के बाद मेसी ने टीवाईसी स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, 'मैं शुरूआत से ही इसका आनंद ले रहा हूं। जब से मैं टीम के साथ जुड़ा था, तब से खेलने के लिए उत्सुक था क्योंकि मुझे कुछ शारीरिक परेशानी थी। अब मैं खुश हूं, हर पल का आनंद ले रहा हूं और हमेशा की तरह उत्साहित हूं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं मैदान पर उतरकर उन आशंकाओं को पीछे छोड़ना चाहता था जो चोट या असहजता के दौरान मन में रहती हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे पास उद्घाटन मैच से पहले एक सप्ताह का समय है, जिसमें सभी खिलाड़ी पूरी तरह फिट और तैयार हो जाएंगे।'

**इंस्टाग्राम पर साझा की जीत की तस्वीरें**

आइसलैंड के खिलाफ जीत के बाद मेसी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैच की कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, 'आइए, पहले से भी ज्यादा करीब होकर आगे बढ़ें।'

**मैच का हाल**

मुकाबले की शुरूआत में आइसलैंड ने अर्जेंटीना को चौंकाने की कोशिश की, लेकिन शुरूआती मौके को भुनाने में नाकाम रही। इसके बाद विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित कर लिया। 8वें मिनट में वेलेंटिन बार्को ने शानदार लंबी दूरी के गोल से अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। 72वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। 86वें मिनट में थियागो अल्माडा ने तीसरा गोल दागकर अर्जेंटीना की 3-0 की जीत सुनिश्चित कर दी। मेसी, लाउटारो मार्टिनेज और अल्माडा की शानदार साझेदारी ने आइसलैंड की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

**पहले फिटनेस को लेकर थी चिंता**

मेसी छह जून को होंडुरास के खिलाफ अर्जेंटीना की 2-0 की मैत्रीपूर्ण जीत में नहीं खेले थे। वह बाएं हैमस्ट्रिंग में मांसपेशियों की थकान से जूझ रहे थे। इंटर मियामी के लिए फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ एमएलएस मुकाबले के दौरान उन्हें यह परेशानी हुई थी। हालांकि अब आइसलैंड के खिलाफ मैदान पर वापसी और गोल करने के बाद मेसी ने अपनी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को लगभग खत्म कर दिया है।

**विश्व कप अभियान की शुरूआत**

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना अपने फीफा विश्व कप 2026 अभियान की शुरूआत 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ करेगी।

# क्या ईरान के लिए खुल गए अमेरिका के दरवाजे

## फीफा वर्ल्ड कप से पहले ट्रंप सरकार ने बदले एंट्री नियम



**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 में भाग लेने वाली ईरान की फुटबॉल टीम को अपने मैचों से एक दिन पहले अमेरिका पहुंचने की अनुमति मिल गई है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) ने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें दावा किया गया था कि टीम को मैच वाले दिन ही अमेरिका आना और लौटना होगा। वहीं, ईरानी फुटबॉल महासंघ ने टिकट आवंटन वापस लिए जाने पर नाराजगी जताई है और इसे खेल भावना के खिलाफ बताया है।

फीफा विश्व कप 2026 से पहले ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) ने स्पष्ट किया है कि ईरानी खिलाड़ी अपने मैचों से एक दिन पहले अमेरिका पहुंच सकेंगे। इससे पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि टीम को मैच वाले दिन ही अमेरिका में प्रवेश और वापसी करनी होगी, जिससे खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन के बीच चिंता पैदा हो गई थी।

**राजदूत के बयान के बाद बढ़ी थी चिंता:** कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में मैक्सिको में ईरान के राजदूत अबोलफजल पसंदीदेह के हवाले से कहा गया था कि टीम को अमेरिका में केवल मैच वाले दिन आने की अनुमति होगी।

इस दावे के बाद खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था और प्रदर्शन पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को लेकर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, डीएचएस के एक प्रवक्ता ने कहा, 'ये दावे सही नहीं हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उदारता की बदौलत ईरानी टीम अपने मैचों से एक दिन पहले अमेरिका पहुंच सकेगी।' उन्होंने आगे कहा, 'उनके वीजा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि उन्हें किसी निश्चित समय पर अमेरिका छोड़ना होगा।'

विश्व कप का आगाज 12 जून (भारतीय समयानुसार) से होगा। ईरान अपने अभियान की शुरूआत 16 जून को लॉस एंजिलिस में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम 22 जून को बेल्जियम और 27 जून को सिएटल में मिस्र से भिड़ेगी।

# टी-20 विश्वकप से पहले ही कर ली गई थी सूर्यकुमार को हटाने की तैयारी



इस लिस्ट से हो चुका था सब क्लीयर

**नई दिल्ली।** विश्व कप से पहले ही सूर्यकुमार यादव के भविष्य को लेकर संकेत मिलने लगे थे। एशियाई खेलों के लिए भेजी गई प्रारंभिक सूची में पूर्व भारतीय कप्तान का नाम शामिल नहीं था। अब उनके टीम से बाहर होने की चचाओं के बीच यह फैसला सवाल खड़े कर रहा है कि क्या उनकी विदाई की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने इस वर्ष टी-20 विश्वकप जीता जरूर, लेकिन उनके भविष्य को लेकर पटकथा इस टूनामेंट से पहले ही लिख दी गई थी। टी-20 विश्वकप सात फरवरी से शुरू हुआ, लेकिन बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को संभावित खिलाड़ियों की लांग लिस्ट इसकी शुरूआत से पहले ही भेज दी थी। सूत्र बताते हैं कि इस लिस्ट में सूर्या का नाम नहीं था। इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई थिंक टैंक के मन में यह बात पहले से ही थी कि 2028 के टी-20 विश्वकप की योजना में सूर्यकुमार फिट नहीं बैठ रहे हैं।

**बीसीसीआई के लिए अहम बना एशियाड:** क्रिकेट के ओलंपिक में शामिल होने और पाकिस्तान से कड़वाहट चरम पर होने के कारण बीसीसीआई के लिए एशियाई खेल महत्वपूर्ण हो गए हैं। एशियाड में मुख्य टीम भेजने का फैसला हुआ, लेकिन टी-20 विश्वकप जीतने के बावजूद 35 वर्षीय सूर्या को उससे बाहर रखा गया।

**इस कारण हटाया गया**

कोच गौतम गंभीर अपनी लंबी योजनाओं के लिए जाने जाते हैं। 2024 का विश्वकप जीतने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी-20 से संन्यास की घोषणा की थी। इसके बाद सूर्यकुमार को कप्तान बनाते हुए कहा गया था कि उन्हें 2026 टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी मिली है। 2026 विश्वकप आते ही बोर्ड ने 2028 विश्वकप की योजना को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया।

# कोहली के बाद भारत को एक और बड़ा झटका

## हार्दिक पांड्या अफगानिस्तान सीरीज से बाहर, कल फिटनेस टेस्ट पास किया था

**मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। पीठ की चोट से उबरने के बाद फिटनेस टेस्ट के दौरान उन्हें क्वाड्रिसेप्स में नई चोट लग गई। अब उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरना होगा।

भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ताजा चोट के कारण तीन मैचों की पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। पांड्या को बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उङ्गए) में फिटनेस आकलन के दौरान क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशी) में खिंचाव आ गया। हार्दिक हाल ही में आईपीएल के दौरान लगी पीठ की ऐंठन (बैक स्पाज्म) से उबर रहे थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने मंगलवार को बताया था कि रोहित शर्मा के साथ-साथ हार्दिक को सीओई ने खेलने की मंजूरी दे दी है, लेकिन अब यह बात सामने आ रही है कि फिटनेस टेस्ट के दौरान नई चोट सामने आने से उनकी वापसी टल गई।

**फिटनेस टेस्ट में बढ़ी परेशानी**

जानकारी के मुताबिक, हार्दिक ने फिटनेस आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की थी। हालांकि, इसी दौरान उनकी क्वाड्रिसेप्स मांसपेशी में खिंचाव आ गया। बताया जा रहा है कि यह चोट इतनी गंभीर है कि उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक रिहैब प्रक्रिया से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'रिकवरी के लिए लगभग तीन सप्ताह का समय चाहिए।



**शनिवार से शुरू होगी सीरीज**

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 14 जून से धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। हार्दिक के बाहर होने से टीम इंडिया के संतुलन पर असर पड़ सकता है क्योंकि वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**वनडे योजनाओं का अहम हिस्सा हैं हार्दिक:** पांड्या को हाल ही में भारतीय टी20 टीम से आराम दिया गया था ताकि वह वनडे क्रिकेट पर अधिक ध्यान दे सकें। चयन समिति और टीम प्रबंधन की नजर 2027 वनडे विश्व कप पर है और हार्दिक को उस योजना का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

2023 वनडे विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में लगी टखने की चोट के बाद टीम इंडिया को संतुलन बनाने में काफी परेशानी हुई थी। यही कारण है कि टीम प्रबंधन हार्दिक की फिटनेस को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

**अगरकर ने बताई थी प्राथमिकता:** मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले सप्ताह हार्दिक की भूमिका पर बात करते हुए कहा था कि टीम का मुख्य उद्देश्य उन्हें वनडे क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट रखना है। अगरकर ने कहा था, 'वह इस समय अफगानिस्तान सीरीज के लिए वनडे टीम का हिस्सा हैं। जसप्रीत बुमराह की तरह अगर हम हार्दिक को फिट रख सकें और वनडे क्रिकेट में नियमित रूप से खेला सकें तो यही हमारी प्राथमिकता है।'

# सरबजोत-लक्षिता, अखिल और साक्षी राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते

**देहरादून।** निशानेबाजी चयन ट्रायल में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, लक्षिता, अखिल और साक्षी भी अपने-अपने वर्गों में जीत दर्ज करने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, सेना की निशानेबाज लक्षिता, विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व पदक विजेता अखिल श्योराण और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पेडेकर ने राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी4 में अपने अपने वर्ग में जीत दर्ज की।

सेना के अजेंद्र सिंह चौहान 245.1 अंक के साथ दूसरे और विश्व चैंपियन सम्राट राणा 221.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के कमलजीत चौधरी चौथे, सौरभ चौधरी पांचवें, पंजाब के उदयवीर सिद्धू छठे, राजस्थान के ओमप्रकाश मिठरवाल सातवें और सेना के प्रमोद आठवें स्थान पर रहे।

# भारत के बाद पाकिस्तान ने भी एशियाई खेलों के लिए टीम की घोषणा की



**कराची।** भारत और पाकिस्तान के संभावित मुकाबले को लेकर अभी से उत्साह बढ़ गया है। दोनों टीमों के स्क्वॉड को देखते हुए एशियाई खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर रहने की उम्मीद है।

जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेल 2026 के लिए भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी अपनी क्रिकेट टीम का एलान कर दिया है। पाकिस्तान ने भी टी20 प्रारूप के लिए मजबूत स्क्वॉड चुना है, जिससे टूर्नामेंट में एक और हाई-वोल्टेज भारत-पाकिस्तान मुकाबले की उम्मीद बढ़ गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए साहिबजादा फरहान को कमान सौंपी है। वहीं, अब्दुल समद उपकप्तान बनाए गए हैं।

**पाकिस्तान ने चुनी मजबूत टीम**

पाकिस्तान ने ऑलराउंडर सलमान अली आगा की जगह सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को कप्तानी सौंपी है। जिस तरह भारतीय टीम से सूर्यकुमार को हटाकर नया कप्तान चुना गया, ठीक पाकिस्तान भी उसी तरह की नकल कर रहा है। इससे पहले पाकिस्तान ने सलमान के समय कोई उपकप्तान नहीं बनाया था, लेकिन अब जैसे ही भारत ने एक नए खिलाड़ी तिलक वर्मा को उपकप्तान चुना, पीसीबी ने भी एक नए खिलाड़ी अब्दुल समद को उपकप्तान बना दिया। पाकिस्तान की नौटंकी इधर भी जारी है। फरहान टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान के सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। विकेटकीपर उस्मान खान भी टीम में शामिल हैं, जिन्होंने हाल के महीनों में प्रभावित किया है। हालांकि पाकिस्तान ने अपने कई बड़े खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं दी है। बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और शादाब खान जैसे स्टार खिलाड़ियों को एशियाई खेलों की टीम से बाहर रखा गया है।

**फरहान फिर चर्चा में**

साहिबजादा फरहान पहले भी भारत के खिलाफ बयानों और विवादों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनकी एक 'गन सेलिब्रेशन' को लेकर काफी विवाद हुआ था।

**क्रिकेट में पाकिस्तान का रिकॉर्ड फीका**

क्रिकेट 2010, 2014 और 2022 के एशियाई खेलों का हिस्सा रहा है। 2022 संस्करण (जो 2023 में आयोजित हुआ था) में पाकिस्तान चौथे स्थान पर रहा था। टीम ने एक मुकाबला जीता, जबकि दो मैचों में हार झेलनी पड़ी थी। अब जापान में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान उस प्रदर्शन को सुधारना चाहेगा, जबकि भारत स्वर्ण पदक बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा।

**भारत ने उतारी लगभग फुल-स्ट्रेंथ टीम**

भारतीय चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों के लिए अनुभव और युवा प्रतिभा का शानदार मिश्रण चुना है। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, तिलक वर्मा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ऑलराउंड विभाग में अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी टीम को संतुलन देंगे। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती जैसे मैच विजेता खिलाड़ी मौजूद हैं। सबसे ज्यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी की हो रही है, जिन्हें भविष्य का बड़ा सितारा माना जा रहा है।

# नाइटक्लब विवाद में फंसे स्टोक्स, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर होना लगभग तय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। लंदन के एक नाइटक्लब में हुई कथित झड़प के बाद ईसीबी, स्वतंत्र क्रिकेट नियामक और सारासेन्स रग्बी क्लब मामले की जांच कर रहे हैं। स्टोक्स ने अपने भविष्य को लेकर विचार करने के लिए समय और निजी स्थान मांगा है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के भी दूसरे टेस्ट में नहीं खेलने की संभावना है।



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए चुनी जाने वाली टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट द गार्जियन की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 35 साल के स्टोक्स ने हालिया विवाद के बाद अपने भविष्य पर विचार करने के लिए समय और निजी स्थान मांगा है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) अगले 48 घंटों में टीम की घोषणा कर सकता है और इसी के साथ स्टोक्स के अस्थायी रूप से कप्तानी छोड़ने की पुष्टि भी हो सकती है।

**नाइटक्लब में हुई कथित झड़प की जांच जारी :** रविवार रात लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में जीत के बाद इंग्लैंड टीम ने जश्न मनाया। खिलाड़ी पहले ड्रेसिंग रूम में और फिर लंदन के व्हाइट हॉर्स पब पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात सारासेन्स रग्बी क्लब के खिलाड़ियों से हुई। रात 11 बजे के बाद कुछ खिलाड़ी चेल्सी स्थित रेक्स रूम्स नाइटक्लब पहुंचे। बताया जा रहा है कि रात करीब एक बजे वहां एक झड़प हुई। मामले में स्टोक्स, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, ईसीबी सुरक्षा दल के एक सदस्य और सारासेन्स अकादमी खिलाड़ी टोटोआ औवा का नाम सामने आया है। घटना में सुरक्षा दल का एक सदस्य घायल हुआ, लेकिन पुलिस को नहीं बुलाया गया और किसी आपराधिक मामले की संभावना नहीं जताई जा रही है।

**टीम संस्कृति पर फिर उठे सवाल**

इंग्लैंड क्रिकेट पिछले कुछ महीनों से टीम संस्कृति और खिलाड़ियों के व्यवहार को लेकर आलोचना झेल रहा है।

एशेज में हार के अलावा कई विवाद सामने आए हैं, जिनमें शराब के दुरुपयोग और अनुशासनहीनता की चर्चाएं शामिल रही हैं। पहले टेस्ट से पहले मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने खिलाड़ियों को चेतावनी देते हुए कहा था, 'मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि आधी रात के बाद कभी कुछ अच्छा नहीं होता।

**ईसीबी और नियामक संस्थाओं की जांच**

ईसीबी, स्वतंत्र क्रिकेट नियामक और सारासेन्स क्लब अलग-अलग स्तर पर जांच कर रहे हैं। बोर्ड चाहता है कि महिला विश्व कप शुरू होने से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जाए। हालांकि जांच पूरी होने में कई सप्ताह लग सकते हैं। बोर्ड फिलहाल इसे टीम प्रोटोकॉल के उल्लंघन के रूप में देख रहा है। एटकिंसन के भी दूसरे टेस्ट में नहीं खेलने की संभावना है। उनकी अनुपस्थिति को औपचारिक निलंबन के बजाय मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के कदम के रूप में पेश किया जा सकता है।


# कौन जीतेगा फीफा विश्व कप 2026 का गोल्डन बॉल

## एमबाप्पे-मेसी से यमाल तक, छह दावेदारों की लिस्ट

**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 शुरू होने वाला है और सबसे बड़े व्यक्तिगत पुरस्कार गोल्डन बॉल की दौड़ भी चर्चा में है। लियोनल मेसी, किलियन एमबाप्पे, लामिन यमाल, हैरी केन, विनीसियस जूनियर और क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस प्रतिष्ठित सम्मान के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

फीफा विश्व कप 2026 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले इस टूनामेंट में 48 टीमें हिस्सा लेंगी। जहां सभी खिलाड़ियों का सपना विश्व कप ट्रॉफी उठाने का होगा, वहीं कुछ सितारों की नजर गोल्डन बॉल पर भी होगी, जो टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है।

1982 से शुरू हुए इस पुरस्कार को अब तक कई दिग्गज जीत चुके हैं, लेकिन दो बार यह सम्मान जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी लियोनल मेसी हैं।



**1. लियोनल मेसी (अर्जेंटीना)**

39 साल की उम्र में भी मेसी गोल्डन बॉल की दौड़ में सबसे चर्चित नाम हैं। 2022 विश्व कप में उन्होंने सात गोल और तीन असिस्ट के साथ अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया था और दूसरी बार गोल्डन बॉल जीती थी। मेसी इस सीजन मेजर लीग सॉकर (टछर) में भी शानदार फॉर्म में हैं। 14 मैचों में उनके नाम 12 गोल और 7 असिस्ट हैं।

**2. लामिन यमाल (स्पेन)**

सिर्फ 18 साल की उम्र में यामाल विश्व फुटबॉल का नया सुपरस्टार बन चुके हैं। यूरो 2024 में उन्होंने चार असिस्ट देकर रिकॉर्ड बनाया था और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुने गए थे। बार्सिलोना के लिए 2025-26 सीजन में उन्होंने 24 गोल और 17 असिस्ट किए।

**3. हैरी केन (इंग्लैंड)**

इंग्लैंड के कप्तान और सर्वकालिक सबसे सफल गोल स्कोरर हैरी केन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने 2025-26 सीजन में बायर्न म्यूनिख के लिए 51 मैचों में 61 गोल किए। केन पहले ही दो विश्व कप में आठ गोल कर चुके हैं।

**4. किलियन एमबाप्पे (फ्रांस)**

अगर 2022 विश्व कप फाइनल में फ्रांस जीत जाता तो शायद गोल्डन बॉल मेसी नहीं बल्कि एमबाप्पे को मिलती। फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले एमबाप्पे उस टूनामेंट में आठ गोल के साथ गोल्डन बूट विजेता बने थे।

**5. विनीसियस जूनियर (ब्राजील)**

ब्राजील की उम्मीदें काफी हद तक विनीसियस जूनियर पर टिकी होंगी। रियल मैड्रिड का यह स्टार खिलाड़ी क्लब स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अभी भी वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर तक नहीं पहुंच पाया है।

**6. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल)**

41 साल की उम्र में भी रोनाल्डो को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह अपने छठे विश्व कप में उतरने जा रहे हैं और इतिहास रचने का मौका उनके सामने है। रोनाल्डो विश्व कप के पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल करने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। हालांकि नॉकआउट मुकाबलों में उनका रिकॉर्ड बहुत प्रभावशाली नहीं रहा है, लेकिन अगर पुर्तगाल खिताब जीतता है तो फुटबॉल इतिहास की सबसे प्रेरणादायक कहानियों में से एक लिखी जा सकती है।

इन छह सितारों के अलावा कई अन्य खिलाड़ी भी गोल्डन बॉल की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। कोलंबिया के लुइस डियाज और जेम्स रोड्रिगेज, फ्रांस के माइकल ओलिसे, नॉर्वे के एरलिंग हालंद, बेल्जियम के केविन डी ब्रुइन और जर्मी डोकू, जबकि जर्मनी के जमाल मुसियाला और फ्लोरियन विट्र्ज भी बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं।

### सलमा हायेक की मौजूदगी...शकीरा का डांस शो

# फीफा विश्वकप 2026 की पहली रात होगी शानदार!

**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून को मैक्सिको सिटी में भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ होगा। शकीरा, बर्ना बॉय, जे बाल्विन और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। सलमा हायेक विशेष अतिथि होंगी। भारतीय दर्शक रात 11 बजे से इसका सीधा प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे।

फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून को मैक्सिको सिटी में शानदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ होगा। शकीरा, बर्ना बॉय, जे बाल्विन और कई अन्य इंटरनेशनल सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस देंगे। हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस सलमा हायेक स्पेशल गेस्ट होंगी। भारतीय दर्शक 11 जून को रात 11 बजे से इसका सीधा प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे। फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार आखिरकार खत्म होने जा रहा है। 48 टीमों और 104 मैचों वाला यह अब तक का सबसे बड़ा फुटबॉल विश्व कप होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत सह-मेजबान मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले से होगी, लेकिन उससे पहले मेक्सिको सिटी में एक भव्य ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी।



**फीफा विश्व कप 2026 की पहली ओपनिंग सेरेमनी कब होगी?**

फीफा विश्व कप 2026 की पहली ओपनिंग सेरेमनी 11 जून को आयोजित होगी। यह कार्यक्रम मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के उद्घाटन मुकाबले से करीब 90 मिनट पहले शुरू होगा।

**ओपनिंग सेरेमनी कहां आयोजित होगी?**

पहली ओपनिंग सेरेमनी मैक्सिको सिटी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। यही स्टेडियम विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले की भी मेजबानी करेगा। मैक्सिको सिटी का यह ऐतिहासिक मैदान पहले भी कई यादगार फुटबॉल पलों का गवाह रहा है और अब एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार है।

**भारतीय समयानुसार कार्यक्रम कितने बजे शुरू होगा?**

भारतीय दर्शकों के लिए ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से शुरू होगी। फीफा के अनुसार मैक्सिको सिटी का उद्घाटन समारोह करीब 16 मिनट 30 सेकंड तक चलेगा। इसके बाद उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा।

11 June -26 page 6 6/10/2026 10:27 PM Page 1






# प्रधानमंत्री मोदी के रिकॉर्ड कार्यकाल पर असालत नगर हनुमान मंदिर में हुआ पूजन
## विधायक अजीत पाल त्यागी व एमएलसी दिनेश गोयल ने की प्रार्थना

➪ मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्र सेवा के लिए की गई कामना





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** देश के लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक सेवा देने का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के असालत नगर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन-अर्चना का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) दिनेश कुमार गोयल ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्र के प्रति उनके सतत समर्पण के लिए प्रार्थना की। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और भारत विश्व मंच पर मजबूत स्थिति में पहुंचा है। एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच, अथक परिश्रम और राष्ट्र प्रथम की भावना करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिली है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के दीर्घ एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति का विश्वास व्यक्त किया।

हनुमान मंदिर में आयोजित पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। इस दौरान भारत की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए भी विशेष प्रार्थना की गई।

### गोविन्दपुरी चौकी प्रभारी सहित चार पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर

मोदीनगर, करंट क्राइम। डीसीपी ने विवेचना पूरी न किये जाने व कार्य में लापरवाही के चलते गोविन्दपुरी चौकी प्रभारी सहित चार पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। गोविंदपुरी चौकी प्रभारी सुबोध कुमार मान, बस अड्डा चौकी प्रभारी विनय मलिक, थाने का एक कांस्टेबल नितिन यादव व कादराबाद चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल सुभारी गिरि को डीसीपी सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने सख्त कार्रवाई करते हुये समय पर विवेचना पूरी न किये जाने व कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया है। चर्चा है कि गोविन्दपुरी चौकी प्रभारी सुबोध कुमार मान हालही में एक अपराधिक प्रवर्ति के व्यक्ति की कार से पिकनिक मनाने भी गये थे। उक्त व्यक्ति पर कई मुकदमें दर्ज है। मामले में जांच चल रही है।

### किशोरी को बंधक बना दुष्कर्म का आरोप

मोदीनगर, करंट क्राइम। किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आशवासन दिया है। थानान्तर्गत एक गांव में मकान मालिक पर 16 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित किशोरी की मां के अनुसार, वह अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ किराए के मकान में रहती है।

# राज्य कर विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद
## जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन




➪ साहिबाबाद में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं, अनुपालन और इनपुट टैक्स क्रेडिट पर दिए सुझाव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग, खंड-एक, गाजियाबाद के तत्वावधान में साहिबाबाद साइट-4 स्थित एक सभागार में स्थानीय व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं का समाधान करना तथा कर अनुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए। व्यापारियों ने जीएसटी पंजीकरण, माल परिवहन, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावे तथा ई-वे बिल जनरेशन से संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिन पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त राज्य कर अरुण कुमार सिंह ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के दावे को सुरक्षित रखने के लिए खरीद से संबंधित मूल कर चालान, माल प्राप्ति के साक्ष्य और भुगतान संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखना आवश्यक है। उन्होंने व्यापारियों को अपने सप्लायरों की कर अनुपालन स्थिति पर भी नजर रखने की सलाह दी।

सहायक आयुक्त पंकज खरवार ने पंजीकरण से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर जानकारी दी, जबकि राज्य कर अधिकारी राजीव कुमार ने ई-वे बिल जनरेशन, टैक्स इनवॉइस और डिलीवरी चालान जारी करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

### व्यापारियों ने रखीं व्यावहारिक समस्याएं


कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने जीएसटी के द्वितीय चरण में हुए सुधारों को लेकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्नों का समाधान करते हुए व्यापार संचालन को सरल और पारदर्शी बनाने पर बल दिया।

### बड़ी संख्या में व्यापारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में उपायुक्त अरुण कुमार सिंह, सहायक आयुक्त पंकज खरवार, राज्य कर अधिकारी राजीव कुमार, पीएनओ ग्रेड-2 मदन कुमार, प्रधान सहायक वरुण चौहान, वरिष्ठ सहायक वर्षा चौहान सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। व्यापारी प्रतिनिधियों में प्रमुख व्यवसायी रियासुद्दीन सलमानी, अरुण शर्मा, विकास महरोत्रा, प्रवेश चोपड़ा, एम.सी. जैन, सौम्य जैन, संजय चौरसिया, जयंत भाटी, लोकेंद्र राणा, हीरा मिश्रा, प्रथम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और व्यापारियों ने विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई।

## भक्ति महोत्सव में जमकर बरस रहा है श्रद्धा और आस्था का रंग










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर के संकटमोचन मंदिर में चलरहे श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव में लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पंडित बिजेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा व्यास के रूप में भागवत महिमा बता रहे हैं। आज यहां हवन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कथा महोत्सव में क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में इस आयोजन में स्त्री और पुरूष पधार रहे हैं। कविनगर के संकटमोचन मंदिर में यह भव्य आयोजन हो रहा है।

## भेंट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुंडा रियासत के राजघराने से जुड़े और मौजूदा विधायक राजा भईया से बैंगलोर में डी.के. सोमानी की मुलाकात हुई। ये मुलाकात बेहद सुखद और यादगार रही। डी.के. सोमानी ने कहा कि वास्तव में राजा भईया एक बड़े व्यक्तिव के मालिक हैं। बेहद सहज और सौम्य अंदाज के साथ उन्होंने बात की और अपने व्यवहार से बेहद प्रभावित किया।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हापुड़।** ब्रिगेड ऑफ एक्स कैडेट्स के सेंट्रल स्क्वायड के तत्वावधान में मंगलवार को पर्यावरण मिशन हरित सेना अभियान के अंतर्गत प्रीत विहार में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।संयोजक सेंट्रल जनरल ऑफिसर गजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन ने पर्यावरण दिवस से लेकर कारगिल विजय दिवस तक देशभर में हरित योद्धाओं के माध्यम से एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हरित योद्धाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

## सफलता





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद सहकरी क्रय-विक्रय समिति कार्यालय परप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार में 12 वर्ष पूरे होने पर मिष्ठान वितरित किया गया। सभी वर्गों ने सफल कार्यकाल की बधाई दी। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा को गाजियाबाद सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने जलेबी खिलाकर बधाई दी। राईटगंज स्थित कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य कारोबारी तथा भाजपा नेता यामीन ने भी शहर विधायक संजीव शर्मा को अपने प्रतिष्ठान की जलेबियां खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 12 वर्षों के कार्यकाल की बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे और सभी को 12 वर्षों के कार्यकाल में लागू की गयी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की 10वीं वर्षगांठ पर विशेष शिविर


### -80 गर्भवती महिलाओं ने कराया पंजीकरण



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदीनगर में विशेष मातृत्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर प्रसव पूर्व चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

विशेष कार्यक्रम के लिए लगभग 75 से 80 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया। शिविर में महिलाओं को प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक परीक्षण तथा अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं को अल्पाहार भी वितरित किया गया। विधायक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 मंजू शिवाच ने गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच और चिकित्सा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें जाने की महिलाओं से अपील की।

## भरा पर्चा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दस्तावेज लेखक संघ रजि. संगठन के वार्षिक चुनाव 2026 -27 में बैनामा लेखक संजीव कौशिक ने अपना नामांकन किया।




## बर्थ-डे की छुट्टी किस टू-स्टार को पड़ी भारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात जोन का किस्सा बाहर निकल कर आया है। हालांकि टू-स्टार को लाइन वाला रास्ता दिखाया गया है लेकिन कहानी बेहद दिलचस्प बताई जा रही बताया जा रहा है। एक टू-स्टार को प्रभारी से बर्थडे की छुट्टी भारी पड़ गई। उधर बर्थ-डे की छुट्टी पर टू-स्टार पार्टी बनाने गए और लौटे तो तो लाइन वाला आदेश आ गया है। बताया जा रहा है इस मामले में टविस्ट् यही नहीं थमा। टू-स्टार जिस गाड़ी में बर्थ-डे की पार्टी सेलिब्रेट करने गए थे। वह किसी अपराधी की बताई गई थी, जिसके फोटो और गाड़ी में टू-स्टार की सवारी वाली तस्वीरें थाना प्रभारी तक पहुंची और मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा, तो लाइन वाला सीन हो गया। इन सबके बीच जिस तरीके से सिटी वाले जोन में 10 पुलिस कर्मियों को लाइन का रास्ता दिखाया गया है। तो इसका संदेश दिया जा रहा है कि थाने में जो कारखास वाला काम कर रहे थे, उनको थोड़ा साइड किया जाए। इन सबके बीच



जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक थ्री-स्टार आजकल लाइन में ज्यादा चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनको पता नहीं है की लाइन से रास्ता नहीं कमिश्नरेट वाले ऑफिस से ही मामला बनेगा। वैसे वह टू-स्टार से थ्री-स्टार हो गए हैं, पर मामला कब फाइनल होगा पता नहीं है। उधर बताया जा रहा है कि जिस टू-स्टार का मामला बर्थ-डे पार्टी की वजह से फेल हुआ है, उसके साथ-साथ कई और टू-स्टार व अन्य पुलिसकर्मी भी रडार पर आ गए हैं। बुधवार को जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक के बाद एक आदेश और लाइन वाली कार्रवाई के आदेश आए हैं, तो कहा जा रहा है आने वाले दिनों में कुछ और मामले भी बाहर आ सकते हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिन दो एसीपी स्तर के अधिकारियों की एंट्री होनी थी, अभी उनका कुछ अता-पता नहीं है। तो वहीं बताया जा रहा है कि लखनऊ से एक लिस्ट और आनी है। उसके लिए पुलिस कमिश्नरेट वाले कई फेस रेस में आने का जुगाड़ लगा रहे हैं। वैसे जुगाड़ तो पहले वाली में भी दो ने लगाया था लेकिन दोनों का ही मामला होल्ड पर चला गया। अब बताया जा रहा है कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम इन दोनों हाई टीआरपी पर चल रहा है। कभी यहां की कार्रवाई तो कभी पुलिस पर हो रहा एक्शन पुलिस कमिश्नरेट से लेकर लखनऊ तक गूंज रहा है।

## पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों व आमजन के लिए समाजवादियों ने की नि:शुल्क जल सेवा



मोदीनगर, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस भर्ती परीक्षा देने पंहुचे परीक्षार्थियों के नि:शुल्क जल सेवा का आयोजन किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) गिरीश मथुरिया सैन के नेतृत्व में डॉ0 केएन मोदी कॉम्प्लेक्स के सामने नि:शुल्क जल सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी से परेशान राहगीरों, आमजन एवं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को ठंडा एवं मीठा जल वितरित किया गया। जल सेवा के दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर अपने परिजनों के साथ मौजूद अभिभावकों एवं परीक्षार्थियों ने भी ठंडा एवं मीठा जल ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। गिरीश मथुरिया सैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के कार्यों में अग्रणी रही है तथा भविष्य में भी जनता के हित में ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर बल्लू सीकरी, तरुण जाटव नितेश कुमार एवं शामिक सैफी सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## साहिबाबाद में व्यापारी संवाद: डिप्टी कमिश्नर ने सुनीं पाइप कारोबारियों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा




**साहिबाबाद (गाजियाबाद)।** साहिबाबाद पाईप एण्ड पी.वी.सी. डीलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाश इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित अपोलो मार्केट में एक महत्वपूर्ण 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य कर विभाग (सर्किल-402) के डिप्टी कमिश्नर मुकेश आनंद अपनी टीम के साथ पहुंचे और स्थानीय पाइप व पीवीसी व्यापारियों की समस्याओं व प्रशासनिक अड़चनों को गंभीरता से सुना।

संवाद के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष राम निवास बंसल ने डिप्टी कमिश्नर के सामने व्यापारियों का पक्ष रखते हुए विभाग की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठाए। व्यापारियों ने प्रमुख रूप से तीन समस्याएं सामने रखीं:

**सचल दल की परेशानी:** सचल दल (मोबाइल स्क्वाड) द्वारा बिना वजह मालगाड़ियों को रास्ते में रोककर व्यापारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जाता है।

पारदर्शी नोटिस प्रक्रिया: विभाग द्वारा जारी होने वाले किसी भी नोटिस की पूर्व सूचना व्यापारियों को एसएमएस या डिजिटल माध्यम से दी जानी चाहिए।

अनावश्यक उत्पीड़न पर रोक: बिना किसी ठोस कारण के नोटिस थमाकर व्यापारियों को विभाग के दफ्तरों में बुलाने और चक्कर कटवाने के सिलसिले को बंद किया जाए। व्यापारियों की इन जायज शिकायतों को सुनने के बाद डिप्टी कमिश्नर मुकेश आनंद ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रुख अपनाया और मौके पर ही इनके न्यायसंगत निवारण का भरोसा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत 'जय व्यापारी, जय व्यापार मंडल, व्यापारी एकता जिंदाबाद' के गगनभेदी नारों के साथ हुई। व्यापारियों ने कहा कि वे नियम संगत टैक्स देने के पक्ष में हैं, लेकिन व्यापार के अनुकूल माहौल मिलना भी बेहद जरूरी है।

इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक निरंजन गुप्ता व आदर्श अरोड़ा, चेयरमैन बलदेव राज गोयल व धर्मपाल गर्ग, वाईस चेयरमैन संजय जैन, महामंत्री शिव कुमार यादव, सचिव तरुण अग्रवाल सहित संगठन के पदाधिकारी अनुपम जैन, तरुण मित्तल, निखिल बंसल, घनश्याम मोहता, सौरभ सिंगला, राकेश गोयल, सुधीर कुमार चौहान, राजेश कुमार गोयल, एस.के. जैन और अजय गुप्ता मौजूद रहे। इसके साथ ही अधिवक्ता अशोक अग्रवाल, प्रमुख व्यापारी नरेश अग्रवाल, पी.के. जैन, मोहन जिंदल, श्याम बंसल, अशोक बंसल, गोविंद अग्रवाल और अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में क्षेत्र के उद्योगपति और कारोबारी उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Ritu Tyagi
15m ·

आस्था और संस्कृति का केंद्र
हरिद्वार को "हरि का द्वार" यानी भगवान तक पहुँचने का रास्ता माना जाता है। यह मुख्य रूप से अपने पवित्र घाटों और प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गंगा सनातन संस्कृति में केवल एक नदी का नाम नहीं है। ये आस्था है, ये संस्कृति है और ये धर्मा है। पवित्र गंगा के किनारे धार्मिक नगरी विकसित हुई है। रितु त्यागी हरिद्वार में आस्था और श्रद्धा के केन्द्र को अपने शब्दों में परिभाषित किया। उन्होंने गंगा के तट पर अपनी आस्था और भक्ति को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# फिलीपींस में भूकंप के बाद 2100 से ज्यादा लगे झटके




## राहत-बचाव कार्य प्रभावित, अब तक कुल 45 मौतें

**नई दिल्ली।** दक्षिणी फिलीपींस के मिंडानाओ में 8 जून को आए 7.8 तीव्रता वाले भूकंप ने कई शहरों को तहस-नहस कर दिया है। भूकंप के बाद चारों ओर मलबे का ढेर दिखाई दे रहा था। प्रशासन के लिए मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौती बन गया। इसके साथ ही बार-बार आ रहे आफ्टरशॉक्स ने मुसीबत बढ़ाई है। फिलीपींस में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत-बचाव कार्य चलाया जा रहा है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी परेशानी भूकंप के बाद आने वाले झटकों (आफ्टरशॉक्स) के रूप में आ रही है। जानकारी के मुताबिक, फिलीपींस में अब तक 2100 से अधिक भूकंप के बाद आने वाले झटके आ चुके हैं, जिससे राहत-बचाव कार्य को बार-बार रोकना पड़ रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार, अब तक कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है और तकरीबन 630 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

अभी भी 17 लापता लोगों की तलाश की जा रही है। भूकंप का सबसे अधिक असर जनरल सैंटोस सिटी और आसपास के राज्य- सरंगानी, साउथ कोटाबाटो और दावाओ ऑक्सिडेंटल में देखा गया है।



### राहत-बचाव कार्य में आ रही बड़ी परेशानी

फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार भूकंप के बाद 2100 से अधिक आफ्टरशॉक्स दर्ज किए गए हैं। इनमें कुछ की तीव्रता 6.4 तक बताई गई। लगातार आ रहे इन झटकों से अतिरिक्त नुकसान और जनहानि की आशंका बनी हुई है। आज एक आंशिक रूप से ढही हुई किराना इमारत में सर्च ऑपरेशन के दौरान तेज आफ्टरशॉक आया, जिससे बचावकर्मियों को तुरंत बाहर की ओर भागना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि इमारत को सुरक्षित किए बिना राहत कार्य फिर से शुरू नहीं किया जा सकता।

### समुद्री इलाकों में भी भारी नुकसान

इस भयावह भूकंप के बाद समुद्री इलाकों में भी खतरा पैदा हो गया। भूकंप के बाद उठी तेज लहरों में कई लोग बह गए थे। तटरक्षक बल ने कुछ लोगों को बचाया, लेकिन कुछ अभी भी लापता हैं। अधिकारियों का कहना है कि लापता लोगों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि यह भूकंप कोटाबाटो ट्रेंच में भूगर्भीय हलचल के कारण आया और यह पिछले कई दशकों में फिलीपींस में आए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक है।

### सरकारी शिविरों पर आश्रित हजारों लोग

लगभग 25,000 लोग अभी भी विस्थापित हैं और सरकारी राहत शिविरों में रह रहे हैं।अधिकारियों की मानें तो कई लोग मानसिक आघात के कारण अपने घर लौटने से डर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो भूकंप से 3,100 से अधिक घर, 29 सड़कें, 11 पुल और 100 से अधिक सरकारी भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके साथ ही जनरल सैंटोस का अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है, हालांकि राहत सामग्री और सरकारी उड़ानों को अनुमति दी गई है।

# अप्रवासी के घरों में लगाई आग, गाड़ियों में तोड़फोड़

## बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हालात बदतर

**डबलिन।** उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में एक सूडानी व्यक्ति के चाकू हमले के बाद भारी हिंसा भड़क गई। इसके बाद नकाबपोश भीड़ ने अप्रवासियों के घरों को आग लगा दी और पुलिस पर भी हमला किया। प्रशासन ने इसे कायरतापूर्ण कृत्य बताते हुए शांति की अपील की है।

उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में मंगलवार रात अप्रवासियों के खिलाफ भारी हिंसा हुई। नकाबपोश लोगों ने कई परिवारों को उनके घरों से जबरन बाहर निकाल दिया। शहर के कई हिस्सों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हो गए। इनमें से ज्यादातर लोगों ने अपने चेहरे ढके हुए थे।

भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा एक सूडानी व्यक्ति पर चाकू से हमले का आरोप लगने के बाद भड़की। यह सब तब शुरू हुआ जब एक चाकूबाजी का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। हमले में एक व्यक्ति की गर्दन और सिर पर गंभीर चोटें आई थीं।

मंगलवार शाम को बेलफास्ट में



कई घर जलते हुए देखे गए। एक वीडियो में पुलिसकर्मी एक जलते हुए मकान से परिवार को बाहर निकालने में मदद करते दिखे। प्रथम मंत्री मिशेल ओ'नील ने इन हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि परिवारों को डराना और उनके घर जलाना घिनौनी कायरता है। इन हमलों के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता।

**कीर स्टारमर ने हमले की निंदा की:** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी इस घटना को बेहद खराब बताया। ब्रिटेन में आप्रवासन नीति को लेकर पहले से ही तनाव का माहौल है। कुछ समय पहले एक छात्र की हत्या के बाद एक सिख व्यक्ति ने इसे नस्लीय हमला बताकर झूठा आरोप लगाया था, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

पिछले साल भी इसी तरह के दंगे हुए थे। हिंसा के दौरान पूर्वी बेलफास्ट में 100 लोगों की भीड़ ने घरों के दरवाजे और खिड़कियां तोड़ दीं। प्रदर्शनकारियों ने एक बस को भी आग के हवाले कर दिया। मामले को लेकर पादरी जैक मैकी ने कहा कि लोगों को सिर्फ उनके रंग की वजह से घरों से निकाला जा रहा है।

**30 साल के सूडानी नागरिक को गिरफ्तार:** मामले में पुलिस ने 30 साल के सूडानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उस पर हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। हमले में घायल 40 वर्षीय व्यक्ति की आंखों और पीठ पर गहरे जख्म हैं।

# फॉर्च्यूनर चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार एसीपी साहिबाबाद ने किया खुलासा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद पुलिस ने लग्जरी वाहन चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए फॉर्च्यूनर कार चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई टोयोटा फॉर्च्यूनर कार और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। मामले का खुलासा एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने किया। एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि 9 जून को राजेंद्र नगर निवासी आदित्य धीरज की

### 24 घंटे के अंदर हुई बरामदगी

टोयोटा फॉर्च्यूनर कार उनके घर के बाहर से चोरी हो गई थी। वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था ताकि उनकी पहचान न हो सके। घटना के बाद थाना साहिबाबाद पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर रोटरी गोल चक्कर के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### मेरठ के हैं गिरफ्तार दोनों वाहन चोर



**करंट क्राइम :** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शहबाज और शावेज उर्फ शावेज, निवासी मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एक अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह के सदस्य हैं। गिरोह का सरगना नदीम है, जो विभिन्न राज्यों से आने वाली मांग के अनुसार लग्जरी गाड़ियों की चोरी कराता है। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में खड़ी महंगी गाड़ियों को चिन्हित करते थे और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद से लॉक तोड़कर वाहन चोरी कर लेते थे। इसके बाद गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे और वाहनों को महाराष्ट्र, गुजरात तथा पूर्वोत्तर राज्यों में बेच दिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई टोयोटा फॉर्च्यूनर दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। फरार गिरोह सरगना नदीम और अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है तथा गिरोह के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

# श्री राम कथा का आठवां दिन: पंचवटी में शूर्पणखा के अहंकार का मर्दन

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लिया प्रभु का आशीर्वाद



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** श्री राम कथा के आठवें दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। व्यासपीठ पर विराजमान प्रख्यात कथा व्यास पंड्‌ कृष्ण प्रताप तिवारी जी महाराज ने प्रभु श्री राम के वनवास काल, ऋषियों से मिलन और पंचवटी में राक्षसों के संहार के दिव्य प्रसंगों का अत्यंत जीवंत वर्णन किया। कथा के इस विशेष सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रभु श्री राम के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास ने प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि चित्रकूट में लंबा समय बिताने के बाद प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ आगे बढ़े। मार्ग में उन्होंने महर्षि वाल्मीकि से भेंट की, जहाँ उन्हें पूज्य ऋषि का आशीर्वाद मिला। इसके बाद प्रभु अगस्त्य मुनि के आश्रम पहुंचे।

कथा के मुख्य प्रसंग का वर्णन करते हुए तिवारीजी महाराज ने कहा कि पंचवटी में रावण की बहन शूर्पणखा अपने भाइयों खर और दूषण के साथ रहती थी। प्रभु राम और लक्ष्मण की अनुपम सुंदरता को देख वह मोहित हो गई और छद्म रूप धरकर विवाह का प्रस्ताव लेकर पहुंची।



भगवान राम और लक्ष्मण द्वारा ठुकराए जाने पर जब वह अपने असली राक्षसी रूप में आकर माता सीता पर झपटी, तब प्रभु के इशारे पर लक्ष्मण जी ने उसके नाक और कान काट दिए। इसके बाद शूर्पणखा की गुहार पर लड़ने आए राक्षस खर-दूषण को भगवान राम ने अपने धनुष की एक ही टंकार से ढेर कर दिया। आज की पावन कथा के मुख्य यजमान श्री राकेश मिश्रा एवं श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा रहे, जिन्होंने सपरिवार मुख्य पोथी का विधि-विधान से पूजन किया।

कथा के अंत में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा जी ने महाराज जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने भजनों पर झूमते हुए आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# इंडोनेशियाई अदालत ने सेना के चार जवानों को सुनाई सजा

## सामाजिक कार्यकर्ता पर एसिड हमले का है आरोप

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया की सैन्य अदालत नेएसिड हमले के मामले में सेना के चार अधिकारियों को दोषी ठहराया। उन्होंने18 महीने से 3 साल तक की सजा सुनाई। यूनुस ने सेना के प्रभाव पर पॉडकास्ट किया था।

इंडोनेशिया की एक सैन्य अदालत ने एक सामाजिक कार्यकर्ता पर एसिड से हमला करने के मामले में सेना के 4 सदस्यों को दोषी ठहराया है। उनपर वाहन चलाते समय हमला किया गया था जिसमें वे बुरी तरह झुलस गए थे। घटना से पहले उन्होंने सेना से जुड़ा हुआ एक पॉडकास्ट किया था।



नौसेना के तीन मरीन- सार्जेंट एडी सुडार्को, फर्स्ट लेफ्टिनेंट बुधी हरियांतो विधी काह्योनो और कैप्टन नंदाला ड्वी प्रासेत्या और वायु सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट सामी लक्का इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सशस्त्र बल की खुफिया एजेंसी में तैनात थे। हाल ही में इन सभी को यूनुस पर हमला करने के लिए दोषी करार दिया गया है।

**पॉडकास्ट रिकॉर्ड करने से नाराज थे चारों**

यूनुस एक मानवाधिकार वकील और 'कमीशन फॉर द डिसअपियर्ड एंड विक्टिम्स ऑफ वायलेंस' (जिसे ङङ्कल्ल३१२ के नाम से जाना जाता है) के वरिष्ठ एक्टिविस्ट हैं। यूनुस ने इंडोनेशियाई सरकार पर सेना के प्रभाव के बारे में एक पॉडकास्ट रिकॉर्ड किया था। कथित तौर पर इसी नाराजगी के चलते उनपर ये आत्मघाती हमला किया गया। इस हमले में 27 साल के यूनुस बुरी तरह झुलस गए थे और उनकी दाहिनी आंख को स्थायी नुकसान पहुंचा था।

**चारों आरोपियों को मिली सजा**

हमलावरों ने मोटरसाइकिल चलाते समय यूनुस के चेहरे पर एसिड फेंक दिया था। इसी आरोप में जकार्ता की सैन्य अदालत के तीन जजों की बेंच ने सुडार्को को तीन साल, काह्योनो को ढाई साल, जबकि प्रासेत्या और लक्का को क्रमशः 2 साल और 18 महीने की सजा सुनाई।

मामले की सुनवाई के दौरान सैन्य जज फ्रेडी इस्नार्टांतो ने कहा, ह्मटीएनआई के सदस्य होने के नाते, आरोपियों ने एंड्री यूनुस पर जानबूझकर एसिड फेंककर अपने कर्तव्यों के साथ विश्वासघात किया है। उनके कार्यों ने इंडोनेशियाई सेना की छवि को नुकसान पहुंचाया। हमले से पीड़ित को सदमा लगा और पीड़ा पहुंची। उनकी आंख को भी स्थायी नुकसान हुआ ह्ल

**मानवाधिकार समूहों ने जताई असंतुष्टि:** इस फैसले और मामले की कार्यवाही पर मानवाधिकार समूहों ने आलोचना की और फैसले पर असंतोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि इस हमले में उच्च-स्तरीय लोग भी शामिल हो सकते हैं जिनके भूमिका की जांच नहीं की गई।

एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडोनेशिया समूह ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से मांगी गई अपेक्षाकृत हल्की सजा के चलते यह ट्रायल सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगा। इंडोनेशिया के मानवाधिकार आयोग (Komnas HAM) ने इस मामले की पूरी जांच की है।

उन्हें ऐसे संकेत मिले हैं कि यह हमला एक सोची-समझी और सुनियोजित कार्रवाई थी, जिसमें चार आरोपियों के अलावा और भी लोग शामिल हो सकते हैं। इस मामले में सरकारी वकीलों ने चारों सैनिकों के लिए ढाई साल की जेल की सजा की मांग की थी। उनका कहना था कि आरोपियों ने अपनी मर्जी से ऐसा किया था।

# ईरान के केशम द्वीप के पास धमाके की आवाज

## पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ा, IRGC ने दी धमकी

**तेहरान।** दक्षिणी ईरान के केशम द्वीप के पास धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके साथ ही क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, धमाकों की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इन्हें अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव से जोड़कर देखा जा रहा है।

दक्षिणी ईरान के केशम द्वीप के आसपास एक विस्फोट होने की खबर सामने आई है। मेहर न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन धमाकों की आवाजों की सही वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां तेज हो गई हैं और हमले जारी हैं।

इन धमाकों का संबंध क्षेत्र में जारी संघर्ष से हो सकता है। एजेंसी के अनुसार, आज सुबह से अमेरिका ने होर्मोजगान प्रांत और फारस की खाड़ी के तटीय क्षेत्रों पर हमले किए, जिसके



जवाब में ईरान की सेना ने तुरंत कार्रवाई की।

तटीय क्षेत्रों में हुए ये धमाके इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के उन आधिकारिक बयानों से मेल खाते हैं, जिनमें अमेरिका की कार्रवाई के कारण हुए नुकसान का विवरण दिया गया था।

आईआरजीसी ने क्या कहा?

ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका ने आज सुबह जास्क, सीरिक और केश में कई ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में सीरिक में एक दूरसंचार टावर क्षतिग्रस्त हो गया और शहर में दो पानी की टंकियां नष्ट हो गईं। साथ ही, झड़पें अभी भी जारी हैं।

अमेरिका के पांचवें बेड़े पर ड्रोन हमले का दावा

ईरान की धरती पर इन हमलों के साथ ही बुधवार को पश्चिम एशिया के जारी संघर्ष का दायरा और बढ़ गया। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईआरजीसी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन में मौजूद अमेरिका के पांचवें बेड़े (यूएस फिफ्थ फ्लीट) पर ड्रोन हमला किया।

इस कार्रवाई का विवरण देते हुए ईरानी मीडिया ने बताया कि आईआरजीसी नौसेना ने रात ढाई बजे बजे बहरीन में अमेरिका के पांचवें बेड़े को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। आईआरजीसी के बयान में यह भी कहा गया कि यदि अमेरिका की कथित आक्रामक कार्रवाई जारी रही तो उसे और अधिक गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# जोहानिसबर्ग के क्लीवलैंड में गोलीबारी

## 12 लोगों की मौत और नौ घायल, मृतकों का बढ़ सकता है आंकड़ा

**जोहनिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग के पूर्व में क्लीवलैंड स्थित जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए। जानकारी के अनुसार, हमलावर कार से आए थे और वारदात के बाद फरार हो गए। फिलहाल पुलिस वारदात की जांच में जुट गई है।

दक्षिण अफ्रीका के जोहनिसबर्ग के पूर्व में क्लीवलैंड स्थित एक अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी हुई है। इस हिंसक घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:10 बजे जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

पुलिस को कई इलाके के विभिन्न स्थानों पर कई घायल मिले हैं। घटनास्थल पर आठ पुरुष और तीन महिलाओं को मृत घोषित किया गया। एक अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, 10 से अधिक संदिग्धों को एक सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन से बस्ती के पास छोड़ा गया था।

**हमलावरों का तरीका**

हमलावरों ने बस्ती में प्रवेश करने के लिए दो अलग-अलग रास्तों का इस्तेमाल किया। वे समुदाय के भीतर घूमते हुए निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे।

गोलीबारी के बाद सभी संदिग्ध उसी सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने अपने बयान में बताया कि संदिग्धों को क्लीवलैंड में एक पेट्रोल पंप के पास उतारा गया था।

**जांच और चुनौती**

इस भीषण हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। अधिकारियों ने हमलावरों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। उन्होंने जनता से इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की है।

# पाकिस्तानी सेना का Mi-17 हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त

**इस्लामाबाद।** मुजफ्फराबाद के पास पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सवार सभी सैन्यकर्मियों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के पास सेना का एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय मीडिया ने सैन्य प्रवक्ता के हवाले से इसकी जानकारी दी। पीओके पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि पाकिस्तान सेना की एविएशन विंग का एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुधवार को मुजफ्फराबाद के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में हेलीकॉप्टर में सवार सभी सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। प्रमुख दैनिक डॉन ने आईएसपीआर के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हादसा इतना गंभीर था कि हेलीकॉप्टर में सवार किसी भी व्यक्ति की जान नहीं बच



सकी।

इस हादसे को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, हादसा पीओके में हुआ है। इन दिनों पाकिस्तान सरकार के खिलाफ यहां विरोध चरम पर है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में इसे आपातकालीन लैंडिंग के दौरान हुआ हादसा बताया गया है, लेकिन क्षेत्र में जारी हिंसक झड़पों, विरोध प्रदर्शनों और बढ़ते सुरक्षा तनाव के बीच इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि कहीं हेलीकॉप्टर किसी हमले का शिकार तो नहीं हुआ?

दुर्घटना ऐसे समय हुई है जब पीओके में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। हाल के दिनों में जेके संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई हैं, जिनमें मौतों और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों की खबरें



सामने आई हैं। क्षेत्र में संचार प्रतिबंध, इंटरनेट सेवाओं पर रोक और सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती के कारण लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे माहौल में हेलीकॉप्टर दुर्घटना ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। एमआई-17 रूस में निर्मित मध्यम क्षमता वाला परिवहन हेलिकॉप्टर है। यह हेलिकॉप्टर एक बार में 30 सैनिकों, 12 स्ट्रेचर या लगभग 4,000 किलोग्राम सामान को ले जाने में सक्षम है। इसके अलावा बाहरी स्लिंग की मदद से यह तीन टन तक का भार भी उठा सकता है।

### पहले भी दुर्घटना का शिकार हो चुका है यह हेलिकॉप्टर

ऐसी ही पिछली घटना में सितंबर 2025 में गिलगित-बाल्टिस्तान के डायमर जिले में हुई थी, जिसमें सेना का एक हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया था, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। अगस्त 2025 में खैबर पख्तूनख्वा सरकार का एक रेस्क्यू हेलिकॉप्टर खराब मौसम के कारण मोहमांड जिले में क्रैश हो गया था, जिसमें दो पायलट और तीन क्रू मेंबर मारे गए थे।

### विमान सवार सभी यात्रियों की मौत

बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में मौजूद सभी कर्मियों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा।हादसे की सूचना मिलते ही सेना की बचाव और राहत टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं और राहत एवं रिकवरी अभियान शुरू किया गया। पाकिस्तानी सेना ने दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच बोर्ड गठित करने का आदेश दिया है। यह बोर्ड तकनीकी खराबी और अन्य संभावित कारणों की विस्तृत जांच करेगा। जियो न्यूज के अनुसार, फिलहाल हेलीकॉप्टर में सवार सैन्यकर्मियों की संख्या और उनकी पहचान से संबंधित विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद दुर्घटना के कारणों और अन्य तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।

# होर्मुज से जॉर्डन तक बढ़ा युद्ध का खतरा

**अम्मान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने जॉर्डन में उस एयरबेस को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी है। जॉर्डन की सेना ने दावा किया कि उसने पांच मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। वहीं अमेरिका ने भी ईरान पर बड़े एयरस्ट्राइक किए हैं। लगातार हो रहे हमलों ने पूरे पश्चिम एशिया में डर और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में सायरन बजाए गए और एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकॉम के मुताबिक अमेरिकी वायुसेना और नौसेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और रडार साइट्स पर हमला किया।


**सूचना**

मैं तीर्थ शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश शर्मा निवासी मकान न. सी 76 न्यू डिफेंस कॉलोनी निकट राम मंदिर भोपुरा साहिबाबाद गाजियाबाद। तीर्थ कुमार शर्मा व तीर्थ शर्मा एक ही व्यक्ति के नाम है। जोकि मै हु एवं मेरी पुत्री शालु शर्मा व शोभा शर्मा दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है। हमें इन दोनो नामों से ही जाना व पहचाना जाता है। पूर्व पता मकान न ई 65/2 गरीमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद।

11 June -26 page 8 10-06-2026 10:22 PM Page 1






# सरकारी तालाब और बंजर भूमि पर कब्जा करने वालों पर गिरेगी गाज

## फजीवाड़ा साबित हुआ तो होगी एफआईआर : महापौर सुनीता दयाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सिहानी स्थित शिव मंदिर में आयोजित विशेष पूजन कार्यक्रम में पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल के समक्ष स्थानीय लोगों ने सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का गंभीर मामला उठाया। लोगों ने आरोप लगाया कि सिहानी गांव की खसरा संख्या 531 (तालाब) एवं 507 (बंजर भूमि) पर कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज और कथित फर्जी रजिस्ट्री के माध्यम से मकान बना लिए हैं तथा निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में उपजिलाधिकारी सदर को भी शिकायत दी जा चुकी है और राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच की प्रक्रिया चल रही है। लोगों ने महापौर को बताया कि सरकारी भूमि को निजी संपत्ति की तरह बेचने और उस पर निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर महापौर सुनीता दयाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकारी तालाब, बंजर भूमि और नगर निगम की संपत्ति



पर कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यदि जांच में फजीवाड़ा, धोखाधड़ी या अवैध कब्जे की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। महापौर ने कहा कि सिहानी क्षेत्र में नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जनता की जमीन को हड़पकर निजी लाभ कमाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने वाले यह न समझें कि वे कानून से ऊपर हैं। जांच के बाद ऐसे कब्जों को हटाया जाएगा और दोषियों को जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी उपलब्ध अभिलेखों और दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए।

जो भी व्यक्ति फर्जी कागजात तैयार कर सरकारी भूमि पर कब्जा करने में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ राजस्व, पुलिस और नगर निगम स्तर पर संयुक्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि जनता की धरोहर है। तालाब और बंजर भूमि पर कब्जा कर पर्यावरण और सार्वजनिक हित को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई का समय आ गया है। किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को संरक्षण नहीं मिलेगा।

# विधायक संजीव शर्मा ने सूर्या को दी श्रद्धांजलि परिवार बोला अभी और कार्रवाई का इंतजार

## सीएम योगी से मिलने की जाहिर की ईच्छा






### खोड़ा में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**करंट क्राइम :** सूर्या की तेरहवीं को देखते हुए खोड़ा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। पूरे क्षेत्र में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा दो एसीपी स्तर के अधिकारियों की निगरानी में पांच थाना प्रभारी सहित कई थानों का पुलिस बल अलग-अलग स्थानों पर मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इस संबंध में डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि सूर्या हत्याकांड में पुलिस द्वारा अब तक नियमानुसार कार्रवाई की गई है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया भी जारी रहेगी। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा में चर्चित सूर्या हत्याकांड के मृतक सूर्य प्रताप सिंह की तेरहवीं बुधवार को परिवार की ओर से आयोजित की गई।

इस दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे और दिवंगत सूर्या के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता, हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सूर्या की मां और भाई ने विधायक के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि मामले में अब तक हुई कार्रवाई के लिए वे सरकार और प्रशासन का धन्यवाद करते हैं, लेकिन उन्हें अभी भी आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

परिवार ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें न्याय मिलेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मृतक सूर्या के भाई ने शहर विधायक संजीव शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि वह स्वयं मुख्यमंत्री के समक्ष अपना पक्ष रखना चाहते हैं और न्याय की प्रक्रिया को लेकर अपनी बात साझा करना चाहते हैं। विधायक संजीव शर्मा ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों और भावनाओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा तथा न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# फायर विभाग की बड़ी कार्रवाई 44 होटल-गेस्ट हाउसों की हुई जांच

## लापरवाही मिलने पर जारी होंगे नोटिस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में 3 जून को हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के बाद प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत गाजियाबाद अग्निशमन विभाग ने 9 एवं 10 जून को व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के निर्देश पर कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र के 44 होटल, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउसों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध संतोषजनक पाए गए, जबकि डीके रेजीडेंसी (लोनी), होटल पृथ्वी पैलेस (अंबेडकर रोड), होटल मीनार (बजरिया), होटल कंफर्ट इन (राजेंद्र नगर) तथा होटल लाइमवुड (मोदीनगर) में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं में कमियां मिलीं। संबंधित भवन स्वामियों और प्रबंधकों को तत्काल सभी अग्निशमन सुरक्षा प्रणालियों को कार्यशील कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान फायर विभाग की टीम ने भवनों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों, फायर अलार्म, आपात निकास मार्गों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही वहां मौजूद कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव उपायों, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा उनके रखरखाव संबंधी प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी भी दी गई।

### कूड़ा एकत्र करने पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम :** फायर विभाग ने सभी होटल, रेस्टोरेंट एवं गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देशित किया कि भवनों के निकास मार्ग सदैव अवरोध मुक्त रखें, अग्निशमन प्रणालियों की नियमित जांच कराएं, भवनों में ज्वलनशील पदार्थों का अनावश्यक भंडारण न करें तथा बेसमेंट में कूड़ा-कचरा एकत्र न होने दें। इसके अतिरिक्त विद्युत वायरिंग एवं विद्युत भार (लोड) की समय-समय पर जांच कराने के भी निर्देश दिए गए ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। फायर विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा से जुड़े ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में चलाया गया विशेष जांच अभियान।

# नालों की सफाई में अतिक्रमण बन रहा बाधा निर्माण व स्वास्थ्य विभाग चलाएंगे संयुक्त अभियान

## नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रमुख नालों की सफाई में लाई जा रही तेजी







गाजियाबाद, करंट क्राइम : मानसून से पहले शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नालों की सफाई अभियान को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कविनगर एवं सिटी जोन के विभिन्न नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर नालों के ऊपर किए गए अवैध पक्के निर्माण और अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश व मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी को संयुक्त अभियान चलाकर बाधाओं को दूर करने और नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि नगर निगम स्वास्थ्य विभाग बिना किसी टेंडर के अपने संसाधनों से नालों की सफाई करा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 555 नाले हैं, जिनमें 89 बड़े, 239 मझोले और 227 छोटे नाले शामिल हैं।

वर्तमान में 65 बड़े नालों और 100 से अधिक मझोले नालों की सफाई का कार्य प्रगति पर है, जबकि 150 छोटे नालों की सफाई पूरी की जा चुकी है। नालों से निकाली गई सिल्ट को तत्काल उठाने का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि जिन नालों पर अवैध रूप से स्लैब या पक्के निर्माण कर दिए गए हैं, वहां आवश्यकता पड़ने पर स्लैब को पंचर कर सफाई कराई जाएगी, ताकि बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान आमजन को असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नवयुग मार्केट, ठाकुरद्वारा, पटेल नगर, नासिरपुर फाटक और नेहरू नगर क्षेत्र के नालों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे नालों में कूड़ा न डालें और सफाई अभियान में सहयोग करें, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

# जिला सूचना अधिकारी ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को वितरित किये डिजिटल पहचान पत्र

## अब आसान होगी मान्यता प्राप्त प्रत्रकारों की पहचान : योगेन्द्र प्रताप सिंह



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जिला सूचना अधिकारी ने मोदीनगर तहसील क्षेत्र के प्रेस मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पहचान पत्र वितरित करते हुये कहा कि यह पहचान पत्र डिजिटल पहचान पत्र है, जिसमें एक क्यूआर कोर्ड भी दिया गया है, इसके माध्यम से पत्रकार की पहचान व अवधि सहित उसका पूर्ण विवरण भी अंकित किया गया है। गाजियाबाद स्थित जिला सूचना कार्यालय पर जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने मोदीनगर के मान्यता प्राप्त पत्रकार अनिल वशिष्ठ, सुभाष शर्मा, सुधीर वशिष्ठ, अरूण कुमार वर्मा, धनकुमार रूहेला, शेखर शर्मा आदि को अत्याधुनिक डिजिटल पहचान पत्र प्रदान किये और कहा कि कार्ड में अंकित डिजिटल क्यूआर कोड से पत्रकार की पहचान किये जाने में सुविधा होगी व पहचान पत्र से मिलने वाली सुविधाओं से पत्रकार लाभांवित होंगे।

# यूपी गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन की 43वीं आमसभा संपन्न











## साइबर क्राइम से बचाव का मिला प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यू.पी. गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन (पंजीकृत) की 43वीं महासमिति एवं वृहद आमसभा का आयोजन राजनगर के आई.एम.ए. भवन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हरिप्रकाश ने की और संचालन महासचिव श्री रामप्रकाश सारस्वत द्वारा किया गया।

बजट पारित और डायरेक्टरी का विमोचन : सभा में कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र गर्ग द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण और वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों द्वारा 'टेलीफोन डायरेक्टरी-2026' के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। इसके साथ ही संगठन के संविधान में जरूरी संशोधनों को भी ध्वनिमत से पारित किया गया।

पेंशनर्स को मिला साइबर सुरक्षा का पाठ : कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित साइबर सुरक्षा सत्र रहा। इसमें पुलिस विभाग के अधिकारी ने बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी लिंक और केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए और उन्हें सतर्क रहने का संदेश दिया। सम्मान एवं श्रद्धांजलि : समारोह के दौरान संगठन में 14 नए सदस्यों का स्वागत किया गया। साथ ही, समाज व संगठन में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए किरण रेखा, जया गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, नवीन जैन, रेखा रानी और डॉ. ओ. पी. अग्रवाल को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में, दिवंगत पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के साथ सभा का समापन हुआ।

# क्राइम ब्रांच परिसर में फरियादियों के लिए लगा वाटर कूलर भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर का भी हुआ उद्घाटन

## एडीसीपी पीयूष और इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने किया शुभारंभ

## भीषण गर्मी को देखते हुए श्याम प्रेमी चेतन बंसल और समाजसेवी अजय गुप्ता ने कराई जनसुविधा उपलब्ध







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के क्राइम ब्रांच कार्यालय में आने वाले फरियादियों की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर स्थापित किया गया है। यह वाटर कूलर श्याम प्रेमी चेतन बंसल और प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता के सौजन्य से लगाया गया है। बुधवार को एडीसीपी (क्राइम) पीयूष कुमार एवं क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने संयुक्त रूप से फूल-माला पहनाकर और भगवान को लड्डुओं का भोग लगाकर इस जनसुविधा का विधिवत उद्घाटन किया।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्रेरणा :** वाटर कूलर के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों और समाजसेवियों की प्रेरणा से क्राइम ब्रांच परिसर में एक भव्य पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर की भी स्थापना की गई है। मंदिर के स्वरूप पर चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंचमुखी हनुमान जी के पांच मुख चारों दिशाओं में देखते हैं। ठीक इसी तरह क्राइम ब्रांच का भी यही काम है कि हर दिशा पर नजर रखी जाए और जहां भी अपराध हो, उसे तत्काल खत्म करने का प्रयास किया जाए।

**अधिकारियों का सम्मान और प्रसाद वितरण :** इस पावन अवसर पर समाजसेवी अजय गुप्ता ने एडीसीपी पीयूष कुमार और इंस्पेक्टर अनिल राजपूत को भगवान श्री कृष्ण का प्रतीक चिन्ह (स्मृति चिन्ह) भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों, समाजसेवियों और पुलिसकर्मियों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

### वरिष्ठ जन और गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख समाजसेवी और व्यापारिक प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से : वरिष्ठ समाजसेवी वी.के. अग्रवाल, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राज किशोर गुप्ता, पवन सिंघल, आयुष गुप्ता, राकेश चंद्र अग्रवाल, वंदना चौधरी, आर.सी. शर्मा, जितेंद्र भटनागर और सतीश कुमार शामिल थे। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच की समस्त टीम भी इस दौरान मुस्तैद रही। इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का स्वागत-सत्कार किया और इस पुनीत कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# तीन चौकी प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी लाइन हाजिर गोपनीय जांच और लापरवाही पर गिरी गाज

## सिटी से लेकर देहात तक चला कार्रवाई वाला हंटर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए तीन चौकी प्रभारियों समेत कई उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। कार्रवाई देहात और नगर जोन दोनों में की गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार कुछ पुलिसकर्मियों पर कार्य में लापरवाही के आरोप थे, जबकि कुछ नाम गोपनीय जांच के दौरान कार्रवाई की जद में आए हैं। ग्रामीण जोन में मसूरी थाना क्षेत्र की नाहल चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, मोदीनगर के बस अड्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनय चौधरी और गोविंदपुरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुबोध कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है।

इनके अलावा मोदीनगर और अंकुर विहार क्षेत्र से भी कई पुलिसकर्मियों का तबादला पुलिस लाइन किया गया है। वहीं नगर जोन में नंदग्राम, कविनगर, क्रॉसिंग रिपब्लिक और कोतवाली क्षेत्र में तैनात कई मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से रिजर्व पुलिस लाइन स्थानांतरित कर दिया गया। जारी आदेशों में कुल 16 पुलिसकर्मियों के नाम शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन विभागीय गलियारों में चर्चा है कि कुछ मामलों में गोपनीय रिपोर्ट और कार्यप्रणाली की समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है। एक साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को लाइन भेजे जाने से कमिश्नरेट में चचाओं का दौर तेज हो गया है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कार्यप्रणाली और अनुशासन को लेकर और भी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

फिलहाल इस कार्रवाई को पुलिस कमिश्नरेट में जवाबदेही और अनुशासन मजबूत करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम माना जा रहा है।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी और रिग इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट के बीच शैक्षणिक साझेदारी की घोषणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद को यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि उसने भारत के प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी शिक्षा संस्थान रिग इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट के साथ एक ऐतिहासिक शैक्षणिक साझेदारी स्थापित की है। इस सहयोग के अंतर्गत वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप नई पीढ़ी के हॉस्पिटैलिटी एवं कुलिनरी शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे।


इस अवसर पर एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के माननीय कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल जी, उपकुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल जी, कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. शर्मा जी, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार जी, डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो. (डॉ.) अनुभव कुमार तथा खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल उपस्थित रहे। यह गठबंधन एचआरआईटी यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता तथा रिग इंस्टीट्यूट की 30 वर्षों से अधिक की हॉस्पिटैलिटी शिक्षा विशेषज्ञता और अंतरराष्ट्रीय उद्योग अनुभव का संगम है।

रिग इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. रोहित भाटिया ने कहा कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों तक वैश्विक स्तर की हॉस्पिटैलिटी शिक्षा पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्विस एवं यूरोपीय हॉस्पिटैलिटी शिक्षण पद्धति को एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में लाकर विद्यार्थियों के लिए भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल करियर के नए अवसर तैयार किए जाएंगे। इस शैक्षणिक साझेदारी के अंतर्गत बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (इ.ल.ट.उ.ळ.), बैचलर ऑफ साइंस (इ.ऱ.) इन होटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (इअ) इन सस्टेनेबल टूरिज्म जैसे डिग्री कार्यक्रमों के साथ-साथ फूड प्रोडक्शन, बेकरी एंड पैटिसरी और इवेंट्स मैनेजमेंट जैसे डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में व्यापक औद्योगिक प्रशिक्षण इंटर्नशिप और व्यावहारिक अनुभव को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण, स्विस शेफ प्रशिक्षण, वैश्विक प्रमाणपत्र, भारत एवं विदेशों में रोजगार अवसर, अक्र-सक्षम हॉस्पिटैलिटी शिक्षा और स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध कुलिनरी विशेषज्ञ शेफ रेने फालेट द्वारा वार्षिक मास्टरक्लास का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, कैंपस में इंटरनेशनल स्टूडेंट कैफे की स्थापना की जाएगी, जिसका संचालन विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

विदेशी भाषा प्रशिक्षण और 100% प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सहायता भी इस पहल का हिस्सा है। इस सहयोग के माध्यम से एचआरआईटी यूनिवर्सिटी का उद्देश्य ऐसे हॉस्पिटैलिटी पेशेवर तैयार करना है जो वैश्विक दक्षताओं, उद्योग अनुभव, उद्यमशील सोच और अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए पूर्णतः तैयार हों।

# साहिबाबाद की सोफा निर्माण इकाई में लगी भीषण आग दमकल विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा

## मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक सोफा निर्माण इकाई में बुधवार को भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई और मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में चलाए गए अभियान के चलते आग पर काबू पा लिया गया तथा आसपास के आवासीय भवनों को सुरक्षित बचा लिया गया। दमकल विभाग को 4:55 बजे साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट संख्या 534-सी स्थित एक सोफा निर्माण इकाई में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि आग तेजी से फैल चुकी थी और पूरी इकाई उसकी चपेट में थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर अतिरिक्त दमकल वाहन और पानी की बड़ी गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने चारों ओर से आग को घेरकर बुझाने का अभियान शुरू किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण फैक्ट्री का टिन शेड भरभराकर गिर गया, जिससे राहत और बचाव कार्य में कठिनाई उत्पन्न हुई।

### जेसीबी की ली गई मदद



**करंट क्राइम :** आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने के लिए जेसीबी मशीन की सहायता ली गई। गिरे हुए टिन शेड को हटाने के बाद दमकल कर्मियों ने और अधिक प्रभावी ढंग से आग बुझाने का कार्य किया। कड़ी मेहनत और सूझबूझ के चलते आग को आसपास के मकानों तक पहुंचने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो यह एक बड़े हादसे का रूप ले सकती थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का संभावित कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस अग्निकांड में एक कार, एक मोटरसाइकिल, जनरेटर सेट तथा बड़ी मात्रा में तैयार और निमार्णाधीन फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के बाद दमकल विभाग ने स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अपनी इकाइयों को वापस रवाना कर दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दमकल कर्मियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास की आबादी और संपत्तियां सुरक्षित बच सकीं।